

उपराष्ट्रपति धनखड़ एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
वर्ष: 14 अंक: 262 पृष्ठ: 08
RNI : UTTHIN/2009/31653
actionindiaddn@gmail.com
उत्तराखण्ड संस्करण
दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

# 'भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का प्रण'

= प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आकांक्षी ब्लॉकों के लिए 'संकल्प सप्ताह' कार्यक्रम का किया शुभारंभ

**संकल्प**

**8 स्वतंत्र भारत के शीर्ष 10 कार्यक्रमों की किसी भी सूची में आकांक्षी जिला कार्यक्रम स्वर्ण अक्षरों में अंकित होगा: पीएम मोदी**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को भारत मंडपम में देश में आकांक्षी ब्लॉकों के लिए संकल्प सप्ताह नामक एक अद्वितीय सप्ताह भर का कार्यक्रम शुरू किया। उन्होंने एस्पिरेशनल ब्लॉक्स प्रोग्राम पोर्टल भी लॉन्च किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि स्वतंत्र भारत के शीर्ष 10 कार्यक्रमों की किसी भी सूची में आकांक्षी जिला कार्यक्रम स्वर्ण अक्षरों में अंकित होगा। आकांक्षी जिला कार्यक्रम ने देश के 112 जिलों में 25 करोड़ से अधिक लोगों का जीवन बदल दिया है। कार्यक्रम के लिए वैश्विक प्रशंसा का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि अब आकांक्षी जिला कार्यक्रम की सफलता आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम का आधार बनेगी। प्रधानमंत्री ने रेखांकित किया कि एस्पिरेशनल ब्लॉक कार्यक्रम न केवल इसलिए बड़ी सफलता होगी क्योंकि यह योजना अभूतपूर्व है, बल्कि इसलिए भी क्योंकि इसके लिए काम करने वाले लोग विलक्षण हैं। कार्यक्रम में 3 ब्लॉक लेवल अधिकारियों से बातचीत का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि जमीनी स्तर पर काम करने वालों का मनोबल देखने के बाद उनका आत्मविश्वास कई गुना बढ़ गया है। मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि वह जमीनी स्तर के अधिकारियों के साथ उनकी टीम के सदस्य के रूप में काम करना चाहते हैं और विश्वास जताया कि कार्यक्रम के लक्ष्यों को समय से पहले हासिल कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा, "आकांक्षी जिला कार्यक्रम का प्रगति चार्ट मेरे लिए प्रेरणा बन गया।" आकांक्षी जिला कार्यक्रम के 5 वर्ष पूरे होने पर प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम के तीसरे पक्ष के मूल्यांकन पर प्रसन्नता व्यक्त की। प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम की सरल रणनीति का उल्लेख करते हुए कहा कि ये शासन के चुनौतीपूर्ण कार्यों को पूरा करने के सबक हैं। समग्र विकास के महत्व पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के सभी हिस्सों और क्षेत्रों का ध्यान रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा, सर्वसमावेशी विकास का अभाव, सभी को छूना, सभी को लाभ पहुंचाना संख्यात्मक विकास तो दिखा सकता है, लेकिन बुनियादी विकास नहीं होता है। इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि हम हर जमीनी स्तर के पैरामीटर को कवर करते हुए आगे बढ़ें।'

' प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर उपस्थित विभागों के सचिवों से दो नई दिशाओं, हर राज्य का तेजी से विकास और पिछड़े जिलों की मदद पर काम करने का आग्रह किया। उन्होंने उनसे देश में ऐसे 100 ब्लॉकों की पहचान करने को कहा जो उनके संबंधित विभागों में पिछड़ रहे हैं और स्थितियों में सुधार लाने की दिशा में काम करें। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि जब 100 चिह्नित ब्लॉक देश के औसत से ऊपर चले जाएंगे तो विकास के सभी मानक बदल जाएंगे। मोदी ने सुझाव दिया कि केंद्र के सभी विभाग उन ब्लॉकों के विकास पर जोर दें जिनमें सुधार की गुंजाइश है। राज्य सरकारों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए, प्रधानमंत्री ने 100 सबसे पिछड़े गांवों की पहचान करने और उन्हें सुधारने के लिए एक मॉडल बनाने का सुझाव दिया, जिसे अगले 1000 गांवों को विकसित करने के लिए दोहराया जा सकता है।





## 140 करोड़ लोगों के साथ चलना चाहते हैं: पीएम मोदी

**वर्ष** 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के प्रण का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित होने का मतलब विकसित महानगर और पिछड़े गांव नहीं हैं। उन्होंने कहा, "हम उस मॉडल का पालन नहीं करते हैं, हम 140 करोड़ लोगों के साथ चलना चाहते हैं।" उन्होंने आकांक्षी जिला कार्यक्रम के दौरान जिलों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का उल्लेख किया और गुजरात के कच्छ जिले का उदाहरण दिया, जिसे कभी अधिकारियों के लिए दंडात्मक पोस्टिंग का स्थान माना जाता था, लेकिन अब तैनात अधिकारियों के समर्पण और परिश्रम से यह



सबसे सम्मानजनक स्थान बन गया है। उन्होंने देश के आकांक्षी जिलों में हुए विकास के लिए युवा अधिकारियों को श्रेय दिया। आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के लिए, प्रधानमंत्री ने राज्य सरकार को ब्लॉक स्तर पर सफल होने वाले युवा अधिकारियों को बढ़ावा देकर प्रोत्साहित करने का सुझाव दिया। प्रधानमंत्री ने सरकार के बजट के सिर्फ आउटपुट ओरिएंटेशन से परिणाम में बदलाव के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि इससे गुणात्मक परिवर्तन आया है। शासन के अपने व्यापक अनुभव के बारे में बोलते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि बजट परिवर्तन का एकमात्र कारक नहीं है।

## ब्लॉक पंचायतों की होती है बहुत बड़ी भूमिका: मोदी

**प्रधानमंत्री** ने कहा कि आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम में ब्लॉक पंचायतों की बहुत बड़ी भूमिका होती है। जब हर ग्राम पंचायत काम तेजी से करेगी तो ही हर ब्लॉक का विकास तेजी से होगा। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम टीम भारत की सफलता का प्रतीक है। ये सबका प्रयास की भावना का प्रतीक है। ये कार्यक्रम भविष्य के भारत के लिए भी अहम है। इसमें संकल्प से सिद्धि का प्रतिबिंब है। प्रधानमंत्री ने सरकार पर निर्भरता की मानसिकता से बाहर आने की आवश्यकता पर बल दिया और महान कार्यों को पूरा करने के लिए समाज की ताकत पर प्रकाश डाला। 'जनभागीदारी' की आवश्यकता के बारे में बोलते हुए प्रधानमंत्री ने हर क्षेत्र में एक नेता की आवश्यकता को रेखांकित किया। उन्होंने 'संकल्प सप्ताह' कार्यक्रम में विकसित की जा रही टीम भावना के पहलू पर प्रकाश डाला, जिससे नेताओं और जनभागीदारी के लिए नए विचारों का उदय होगा। उन्होंने प्राकृतिक आपदा के दौरान समाज के एक-दूसरे की मदद के लिए एकजुट होने का उदाहरण दिया।

प्रधानमंत्री ने लोगों की भागीदारी की भावना को प्रेरित करने के लिए ब्लॉक स्तर पर सामूहिक रूप से काम करने का भी जिक्र किया और कुपोषण को खत्म करने के लिए क्षेत्रीय संस्थानों की वर्षगांठ मनाने और ऐसे अवसरों पर स्कूली बच्चों को भोजन वितरित करने का उदाहरण दिया। मोदी ने जोर देकर कहा, "जनभागीदारी या लोगों की भागीदारी में समस्याओं का समाधान खोजने की जबरदस्त क्षमता है।"

## फास्ट न्यूज

### सीबीडीटी चेयरमैन नितिन गुप्ता का कार्यकाल नौ महीने बढ़ा

**नई दिल्ली:** केंद्र सरकार ने केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के चेयरमैन नितिन गुप्ता का कार्यकाल नौ महीने के लिए बढ़ा दिया है। सरकार की एक अधिसूचना में नितिन गुप्ता को उनकी निर्धारित सेवानिवृत्ति के दिन सेवा विस्तार दिया गया है। मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने एक अक्टूबर 2023 से 30 जून 2024 तक या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, अनुबंध के आधार पर नितिन गुप्ता को सीबीडीटी चेयरमैन के रूप में फिर से नियुक्त करने की मंजूरी दे दी है। नितिन गुप्ता आयकर विभाग के 1986 बैच के भारतीय राजस्व सेवा के अधिकारी हैं। 60 वर्षीय गुप्ता को केंद्र सरकार ने पिछले साल जून में सीबीडीटी प्रमुख नियुक्त किया था। वह 30 सितंबर को सेवानिवृत्त होने वाले थे। गौरतलब है कि सीबीडीटी आयकर विभाग के लिए शीर्ष नीति-निर्धारक निकाय है। इसका एक अध्यक्ष होता है। इसमें छह सदस्य हो सकते हैं जो विशेष सचिव स्तर के होते हैं।

### अब्दुल सिद्दीकी के बयान को भाजपा ने बताया महिला विरोधी

**नई दिल्ली**
राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता अब्दुल बारी सिद्दीकी के बयान को भारतीय जनता पार्टी ने महिला विरोधी बताया है। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने शनिवार को इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि महिलाओं के खिलाफ ऐसी सोच सिर्फ राजद की ही नहीं बल्कि पूरे आईएनडीआई गठबंधन की है। प्रधानमंत्री मोदी ने देश की आधी आबादी को संसद में 33 फीसदी का आरक्षण दे कर उन्हें उनका हक दिया है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर अब आईएनडीआई गठबंधन महिलाओं को अपमानित करने में लगी है। राजद नेता के शर्मनाक बयान पर आईएनडीआई गठबंधन या कांग्रेस पार्टी के किसी भी नेता ने इस बयान की निंदा नहीं की। इसका मतलब है कि वे इससे सहमत हैं। संसद में हमने पहले सपा और राजद को महिला आरक्षण बिल की प्रतियां फाड़ते देखा है। उल्लेखनीय है कि मुजफ्फरपुर में शुक्रवार को राजद अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के तत्वाधान में जनजाति सम्मेलन का आयोजन किया गया था।

## छत्तीसगढ़ में परिवर्तन तय: पीएम मोदी

**खलबली**

**8 उपमुख्यमंत्री ने की हमारी तारीफ तो कांग्रेस में मची खलबली: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी**

**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर**
**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को बिलासपुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए ग्रैंड ओल्ड पार्टी 'कांग्रेस' पर जमकर कटाक्ष किए। उन्होंने कहा कि हर योजना में भ्रष्टाचार हावी है, इसलिए छत्तीसगढ़ कांग्रेस सरकार को हटाने और भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) को लाने के लिए जनता पूरी तरह से तैयार है। दरअसल, प्रधानमंत्री मोदी बिलासपुर में भाजपा की 'परिवर्तन यात्राओं' के समापन समारोह में शामिल हुए। प्रधानमंत्री मोदी ने अटल बिहारी वाजपेयी जी ने छत्तीसगढ़ की आकांक्षाओं को समझते हुए इस प्रदेश का निर्माण किया था। भाजपा ने छत्तीसगढ़ के लोगों के सामर्थ्य को समझा, यहां का हाई कोर्ट हमारे बिलासपुर में है। उन्होंने कहा, आज मैं यह गारंटी देने आया हूं कि आपके सपने को साकार करने के लिए मोदी कोई कसर नहीं छोड़ेगा। जनता का सपना, मेरा का संकल्प है। छत्तीसगढ़ के हर परिवार का सपना तभी साकार होगा, तब छत्तीसगढ़ में भी भाजपा सरकार होगी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दिल्ली से मैं जितनी भी कोशिश करूं यहां की कांग्रेस सरकार उसको विफल करने में जुटी रहती है। पिछले पांच वर्षों में छत्तीसगढ़ को केंद्र सरकार से हजारों करोड़ रुपये मिला है, यहां सड़क, रेल, बिजली सहित दूसरे अनके विकास कार्यों के लिए पैसों की कोई कमी नहीं रखी। उन्होंने कहा, यह बात सिर्फ मैं कह रहा हूं ऐसा नहीं है।

## अब सात अक्तूबर तक बदल सकेंगे दो हजार के नोट

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दो हजार रुपये** के पुराने नोट को बदलवाने और जमा की आखिरी तारीख को बढ़ाकर सात अक्तूबर कर दिया गया है। अभी तक इसकी आखिरी तारीख 30 सितंबर, 2023 थी। बता दें कि कुछ महीनों पहले रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने दो हजार रुपये के नोटों को वापस लेने का एलान किया था।

**19 मई 2023 को प्रचलन में रहे 2000 के नोटों का 96% बैंकों में लौटा:** बैंकों से प्राप्त आंकड़ों



के अनुसार, 19 मई, 2023 तक प्रचलन में में रहे 3.56 लाख करोड़ रुपये के 2000 के बैंक नोटों में से 3.42 लाख करोड़ रुपये के नोट बैंकों में वापस आ चुके हैं। 29 सितंबर को कारोबार की समाप्ति के बाद केवल 0.14 लाख करोड़ रुपये ही चलन में रह गए हैं। इस प्रकार, 19 मई 2023 को प्रचलन में रहे 2000 बैंक नोटों का 96% अब बैंकों में वापस आ गया है। आरबीआई की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि आठ अक्तूबर 2023 से बैंक शाखाओं में दो हजार के नोटों को जमा लेना और बदलना बंद कर दिया जाएगा। आठ अक्तूबर के बाद आरबीआई के 19 इश्यू दफ्तरों में एक बार में 20 हजार रुपये तक के 2000 के नोट बदले जा सकेंगे।

## जन आक्रोश यात्रा में शामिल हुए राहुल गांधी

**टीम एक्शन इंडिया/शाजापुर**
**अखिल** भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी शनिवार को मध्य प्रदेश के प्रवास के दौरान कालापीपल विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पोलायकला में आयोजित जन आक्रोश यात्रा में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने अपने संबोधन में जातीय जनगणना को लेकर केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर जमकर निशाना साधा। इससे पहले राहुल गांधी विमान से इंदौर एयरपोर्ट पहुंचे, जहां पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ ने उनकी अगवानी की।

**प्रभावितों को राहत** — हिमाचल में आपदा प्रभावितों के लिए सरकार का बड़ा ऐलान

## 3500 करोड़ रुपए के विशेष आर्थिक पैकेज की घोषणा

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**
**हिमाचल प्रदेश** में आई प्राकृतिक आपदा के प्रभावितों के लिए सरकार ने विशेष आर्थिक राहत पैकेज की घोषणा की है जो 7 जुलाई से 30 सितंबर तक लागू होगी। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शिमला में पत्रकार वार्ता कर आपदा से प्रभावितों के पुनर्वास और पुनर्निर्माण के लिए 3500 करोड़ की विशेष आर्थिक राहत पैकेज का ऐलान किया। इसके अतिरिक्त 1000 करोड़ मनरेगा के तहत भी डंगो के निर्माण के लिए दिया जायेगा। हिमाचल सरकार ने आपदा के लिए राहत राशि को कई गुणा बढ़ाने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह ने बताया की विशेष राहत पैकेज के




मैनुअल में बड़े बदलाव किए गए हैं। आपदा से कच्चे पक्के 3000 के करीब घर पूरी तरह तबाह हो गए हैं उनके लिए सरकार अब 1 लाख 30 हजार की जगह 7 लाख रुपये की राहत के साथ घर निर्माण के लिए बिजली पानी मुफ्त और सरकारी दाम पर सीमेंट उपलब्ध करवाएगी। इसके अलावा 13000 मकान आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए है उनके लिए भी एक लाख दिया जायेगा। इससे पहले ये राहत कच्चे मकान पर चार हजार जबकि पक्के मकान पर 6500 थी। इसके अलावा भूमिहीनों को जिनके मकान गिर गए उनके लिए 2 बिस्वा शहरी क्षेत्रों और 3 बिस्वा ग्रामीण क्षेत्र में सरकारी भूमि पर घर बनाने के जमीन देगी। फसलों के नुक्सान की मुआवजा राशि को भी बढ़ाया गया है। गौशाला के निर्माण के लिए 3 हजार की जगह 50 हजारए गाय, भैंस की मौत पर 37 हजार से 55 हजार और भेड़ बकरी की मौत पर ये राशि 4000 से 6500 की गई है। राज्य सरकार ने बजट से 1850 करोड़ जारी कर दिए हैं जबकि 1021 करोड़ रुपए की राशि कल जारी की जायेगी।



# सेक्टर 15 में बनाई जा रही सड़कों का निर्माण कार्य प्रगति पर

## मेयर निखिल मदान ने मौके पर पहुँच कर निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

**विकास कार्य**

8 1 करोड़ 79 लाख की लागत से सेक्टर 15 की सभी 60 फुटी चौड़ी सड़कों का बिट्यूमिंस(तारकोल)से होगा निर्माण

8 अधिकांश सड़कों का कार्य हुआ पूरा, बाकि सड़कों को आगामी 3-4 दिनों में किया जाएगा पूरा



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत : मेयर निखिल मदन शनिवार को** शहर के सेक्टर 15 में पहुँचे जहाँ उन्होंने नगर निगम द्वारा करवाए जा रहे सड़कों के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया और निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि को जरूरी दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उनके साथ वार्ड नंबर 4 से पार्षद प्रतिनिधि त्रिभुवन कौशिक और नगर निगम अधिकारी मौजूद रहे। मेयर निखिल मदान ने बताया कि सेक्टर 15 की सड़कों का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। जिसमें सेक्टर 12 - 15 डिवाइडिंग रोड जो गेटवे स्कूल की तरफ जाती है, उसको पूरा बना दिया गया है। इसके अतिरिक्त महाराणा प्रताप चौक से महाराजा अग्रसेन चौक तक भी सड़क बनाने का कार्य प्रगति पर है , जिसे आज पूरा किया जाएगा। सेक्टर 15 मार्किट के साथ लगती सड़क को भी बना दिया गया है। बी एस एन एल टेलीफोन एक्सचेंज वाली सड़क को भी बनाया जा रहा है जिसका उन्होंने आज निरीक्षण किया है। साथ ही डीएवी स्कूल के सर्किल में आने वाली मुख्य सड़क को बनाने का कार्य भी प्रगति पर है। पार्षद प्रतिनिधि त्रिभुवन कौशिक ने बताया कि वो मेयर और निगम अधिकारियों के साथ मिलकर लगातार सड़कों के निर्माण कार्य का निरीक्षण कर रहे है। सड़कों के निर्माण में गुणवत्ता से समझौता नहीं किया जाएगा। मेयर निखिल मदान ने बताया कि इससे पूर्व सेक्टर 14 की सड़कों का भी निर्माण किया गया था, बाकी बची सड़कों का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है जिसे जल्द ही पूरा किया जायेगा। विवेकानंद चौक से सेक्टर 12-15 डिवाइडिंग रोड़ तक भी सड़क बनाई जाएगी। इसका कुछ हिस्सा सी सी से बनाया गया था बाकी हिस्से को बिटूमिंस से बनाया जाएगा। इसके अतिरिक्त पुरखास अड्डा और जटवाड़ा से होते हुए सब्जी मंडी चौक तक, आई टी आई चौक से बंदेपुर सरकारी स्कूल तक जाने वाली सड़कों का निर्माण कार्य भी अगले माह से शुरू किया जायेगा। इन सभी सड़कों की टेंडर प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है जल्द ही बाकी बची विभागीय औपचारिकताओं को पूरा कर काम शुरू किया जाएगा।

# छावनी के भाजपा कार्यालय में सदर मंडल बीसी मोर्चा की बैठक आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला छावनी (मनीष कुमार)** गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज के निदेर्शानुसार निकलसन रोड स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में भाजपा सदर मंडल बी सी मोर्चा की बैठक सम्पन्न हुई सदर मंडल बी सी मोर्चा की बैठक सदर मंडल प्रधान राजीव गुप्ता डिंपल की अध्यक्षता में हुई। इस अवसर पर मुख्य रूप से बी सी मोर्चा प्रभारी सुभाष शर्मा व बी सी मोर्चा अध्यक्ष रणधीर धीमान के नेतृत्व में यह अहम बैठक हुई। सर्वप्रथम उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज की बदौलत अंबाला छावनी का सपना डोमेस्टिक एयरपोर्ट इसके कार्य का शुभारंभ नवरात्रि के पहले दिन किया जाएगा इसी कड़ी में भाजपा कार्यालय में उपस्थित कार्यकर्ताओं

**मंत्रणा**

8 अंबाला छावनी का सपना डोमेस्टिक एयरपोर्ट इसके कार्य का शुभारंभ नवरात्रि के पहले दिन किया जाएगा

ने गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री का तालियां बजाकर उनका आभार व्यक्त किया। बैठक में सदर मंडल प्रधान डिम्पल ने कहा कि बी सी मोर्चा के सभी कार्यकताओं व पदाधिकारी ने दिए गए प्रत्येक दायित्वों का पूरी निष्ठा व लगन से निर्वहन किया है और उन्होंने कहा कि बी मोर्चा में और अधिक लोगों को जोड़ने के लिए प्रत्येक बूथ स्तर पर बी सी मोर्चा के वार्ड प्रधान बनाए जाएगे और पांच पांच कार्यकर्ता जोड़े जाएगे जिससे मोर्चे को और अधिक बल मिलेगा। मंडल प्रधान ने कहा कि गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने अंबाला छावनी में विकास कार्य की झड़ी लगा दी है जिसके कारण अंबाला छावनी बहुत ही जल्द अत्यधिक आधुनिक शहरों में से एक होने जा रहा है उन्होंने कहा कि अंबाला छावनी में एक से एक अत्याधुनिक विकास कार्य मंजूर कराकर गृहमंत्री अनिल विज अंबाला छावनी की तस्वीर बदल दी है। इस बैठक में मुख्य रूप से महामंत्री संजीव सोनी बब्बू, सुरेश प्रजापति, ललित कुमार, आजाद सिंह, शिवा काकरान, वीरेंद्र कनौजिया, कुलदीप यादव, बबलू यादव, ज्वाला प्रसाद, देवी दयाल, अजय गामी, विजय धीमान आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# रमिता जिन्दल लाडवा की बेटी है, यह लाडवा के लिए गर्व की बातः संदीप गर्ग




**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र/लाडवा (दलबीर मलिक)** श्री अग्रवाल सभा, भारत विकास परिषद व रोटरी क्लब द्वारा शहर के बाबा बंसी वाले वृद्धाश्रम में एशियन खेलों में दस मीटर शूटिंग में रजत पदक एवं कांस्य पदक लाने वाली रमिता जिंदल का नागरिक अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें शहर की सभी सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। समारोह में नेता एवं समाजसेवी संदीप गर्ग भी रमिता जिंदल को सम्मानित करने पहुंचे। नेता एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि लाडवा के लिए बड़े ही गर्व की बात है कि रमिता जिन्दल लाडवा की बेटी है। क्योंकि जो कार्य रमिता ने छोटी सी उम्रमें कर दिखाया वह कभी भूला नहीं सकते। आज रमिता का नाम भारत में गूंज रहा है। क्योंकि रमिता ने एशियन खेलों में दस मीटर शूटिंग में रजत पदक एवं कांस्य पदक लाकर बता दिया है कि वह छात्रों से कम नहीं है। समारोह में भारत विकास परिषद के प्रांतीय उपाध्यक्ष अरविंद सिंघल ने रमिता

**अभिनंदन**

8 शहर की सभी संस्थाओं ने मिलकर किया रमिता जिंदल का नागरिक अभिनंदन, समारोह आयोजित

जिंदल की अभी तक की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला व आगामी जीवन के लिए शुभकामनाएं प्रेशित की। श्री अग्रवाल सभा, भारत विकास परिषद व रोटरी क्लब के अधिकारियों ने मान और सम्मान की प्रतीक पगड़ी पहनाकर और शाल ओढ़ाकर रमीता का अभिनंदन किया। अंत में रमिता जिंदल के पिता अरविंद जिंदल ने सभी सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं का आभार प्रकट किया। मौके पर समाजसेवी संदीप गर्ग, सुभाष जिंदल, प्रो. रोशन लाल गोयल, सुनील गर्ग, विकास सिंघल, राकेश खुराना, अरविन्द सिंहल, दुर्गेश गोयल, नवीन गर्ग, नरेश बंसल, हेमंत सैनी, विकास सिंघल, नवीन गर्ग, नीरज गोयल, वीना बंसल, कृष्णा गोयल, राकेश गर्ग, सोमप्रकाश शर्मा, राजीव आर्य, सुमित गर्ग, रतन बनवाल, अशोक गुप्ता, सतप्रकाश शर्मा, मुकेश गर्ग, अशोक मित्तल, कुँवर सिंहल, अजय सिंगला, राम कुमार, सुनील गोयल सुनील भट्ट आदि उपस्थित थे।

# रक्तदान में महत्वपूर्ण योगदान करने पर सिकंदर गहली सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा नारनौल।** राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदाता दिवस पर यूथ रेडक्रॉस एमडीयू रोहतक की ओर से रक्तदाता सिकंदर गहली को प्रमुख रूप से सम्मानित किया गया है। सिकंदर गहली जननायक जनता पार्टी के जिला प्रवक्ता हैं और वह पार्टी की राजनीतिक ही नहीं, सामाजिक गतिविधियों को भी बढ़-चढ़कर चलाते रहते हैं। इसी कड़ी में वह हर साल जेजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. अजय सिंह चौटाला के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर लगाने के साथ ही अन्य मौकों पर भी रक्तदान करते रहते हैं। उनके द्वारा लगाए गए रक्तदान शिविरों में अब तक लगभग 3400 यूनिट रक्त एकत्रित कर जरूरतमंदों की सेवा में अर्पित किया जा चुका है।

# 'देश सेवा को समर्पित रहा राव बीरेंद्र सिंह का जीवन'

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा रेवाड़ी ।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओमप्रकाश यादव ने शनिवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री व मुख्यमंत्री स्व. श्री राव बीरेंद्र सिंह की पुण्यतिथि पर रेवाड़ी स्थित समाधि स्थल पर पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया। उन्होंने कहा कि स्व. श्री राव बीरेंद्र सिंह का सम्पूर्ण जीवन देश और समाज सेवा को समर्पित रहा। उनके आदर्शवादी विचार हमें सदैव जनसेवा के लिए प्रेरित करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि राव बीरेंद्र सिंह किसानों, मजदूरों व गरीबों के सच्चे हितैषी थे और जीवन पर्यंत इनके हकों के लिए लड़े



और इनकी आवाज को बुलंद किया। उन्होंने कहा कि किसान हितैषी राव बीरेंद्र सिंह के लिए एक बात कही जाती थी कि ह्यराव आया-भाव आयाह्व। किसान उनको अपनी फसलों के उचित भाव के लिए भाग्यशाली मानते थे। श्री ओमप्रकाश यादव ने कहा कि राजनीति में अनेक नेता आए और गए लेकिन ऐसे राजनीतिज्ञ कम ही होते हैं, जिनके नाम व काम को लंबे समय तक याद किया जाता है। स्वतंत्रता संग्राम के महानायक राव तुलाराम के वंशज राव बीरेंद्र सिंह ऐसी ही महान शख्सियत थे। समाज सेवा

**नमन**

8 सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओमप्रकाश यादव ने पुण्यतिथि पर किया नमन

को समर्पित राव बीरेंद्र सिंह ने सदैव देश भलाई और प्रगति के लिए कार्य किया। वे देश व प्रदेश की राजनीति में ऊंचे पदों पर रहे लेकिन उन्होंने कभी सहजता, सरलता और सादगी का दामन नहीं छोड़ा। केन्द्रीय मंत्री व मुख्यमंत्री रहते हुए भी उन्होंने सदैव सादगी व ईमानदारी भरा जीवन व्यतीत किया।

# अवैध देसी पिस्तौल सहित आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत,** सीआईए टू पुलिस टीम ने टीडीआई रोड पर एक युवक को अवैध देसी पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान आकाश निवासी काबड़ी के रूप में हुई। पानीपत, कमल चौधरी सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर नरेंद्र ने बताया कि उनकी टीम शुक्रवार देर शाम गश्त व जांच पड़ताल के दौरान टीडीआई रोड पर मौजूद थी। टीम को इसी दौरान संदिग्ध किस्म का एक युवक काबड़ी गांव की और से पैदल आते हुए दिखाई दिया। युवक पास आने पर सामने खड़ी पुलिस टीम को देखकर भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए कुछ कदमों पर ही युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान आकाश पुत्र बबलू निवासी काबड़ी के रूप में बताई। तलाशी लेने पर आरोपी की पहनी हुई पेंट की जेब से अवैध एक देसी पिस्तौल 315 बौर बरामद हुआ।

# धान के मैदान में लगी आग का निरीक्षण किया



**टीम एक्शन इंडिया/गोहाना/भोर सिंह फसल** आदिवासियों में आग की घटनाओं को रोकने के लिए प्रशासन क्षेत्र जरूरी है। गांव बुटाना खेतलान और खंदराई के खेतों में आदिवासियों की आग की खोज की गई। सूचना बैठक में गोहाना के दिग्गज आशिष वादी अधिकारियों की टीम के साथ मिलकर मध्य और धान के मैदान में लगी आग का निरीक्षण किया गया। दुकान में आग लगाने वाले दो किसानों पर कार्रवाई की।

कर्मचारी आशीष वशिष्ठ ने बताया कि सेटलाइट से इंजेक्शन प्राप्त हुआ

**निरीक्षण**

8 फसल आदिवासियों में आग की घटनाओं को रोकने के लिए प्रशासन क्षेत्र जरूरी

था। मौसिकी पर तो धान के किले में आग लगी थी। इसके अलावा वोट रोड के पास भी एक किसान ने स्ट्राल में आग लगा दी थी। दोनों किसानों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। दोनों किसानों का बजट तय किया गया है।

# डीसीआरयूएसटी का दूसरे दिन भी जारी रहा एनबीए की टीम का निरीक्षण

**सोनीपत, 30 सितंबर।** एनबीए (नेशनल बोर्ड ऑफ एक्रीडिटेशन) दीनबंधु छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,मुरथल का दूसरे दिन भी बारीकी से निरीक्षण किया। एनबीए की टीम के विशेषज्ञों ने विश्वविद्यालय की परीक्षा प्रणाली,खेल सुविधाओं व पुस्तकालय का बारीकी से निरीक्षण किया। साथ ही साथ दो सदस्यीय टीम ने इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग व दो सदस्यीय टीम ने इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग का दौरा किया। एनबीए की टीम की कल एग्जिट मीटिंग है। आईआईटी, भुवनेश्वर के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के प्रो. जयंत पाल के नेतृत्व में चार सदस्यीय विशेषज्ञों की एनबीए (नेशनल बोर्ड ऑफ एक्रिडिटेशन) की टीम ने दूसरे दिन भी विभागों के साथ साथ अन्य केंद्रीय सुविधाओं का बारीकी से निरीक्षण किया।. केंद्रीय सुविधाओं का दौरा किया। कुलपति प्रो.श्रीप्रकाश सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय में गत तीन वर्षों में 11 अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया।

# डॉ. आशीष को मिला 33 लाख के अनुसंधान का प्रोजेक्ट

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग के डॉ. आशीष प्रसाद को पौधों में एक बेगोमोवायरस प्रजाति संक्रमण के जीव विज्ञान पर काम करने के लिए भारत सरकार के विज्ञान और इंजीनियरिंग अनुसंधान बोर्ड से स्टार्टअप अनुसंधान अनुदान प्राप्त हुआ है। इस अनुदान में उन्हें 2 साल के अनुसंधान के लिए लगभग 33 लाख रुपये मिले हैं। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने शिक्षक डॉ. आशीष प्रसाद को



बधाई देते हुए कहा कि यह कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि शोध अनुसंधान विश्वविद्यालय की विशिष्ट पहचान है तथा केयू शिक्षक इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। गौरतलब है कि इस वर्ष डॉ. आशीष प्रसाद को भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग से इंस्पायर फैकल्टी पुरस्कार भी मिला। इस पुरस्कार में बेगोमोवायरस में प्रोटीन संशोधनों का अध्ययन करने के लिए पांच वर्षों के लिए 35 लाख रुपये का अनुदान शामिल है।

इस मौके पर कुवि कुलसचिव प्रोफेसर संजीव शर्मा ने भी प्रसन्नता प्रकट करते हुए डॉ. आशीष को उनके प्रयासों के लिए बधाई दी। इस अवसर पर विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर नरेंद्र सिंह और अन्य सभी संकाय सदस्यों ने डॉ. प्रसाद को उनकी उपलब्धियों के लिए बधाई दी।

# दुराना के सरकारी स्कूल में नगराधीश विश्वजीत ने किया पौधारोपण

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** हरियाणा उदय आउटरिच कार्यक्रम के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दुराना में अंबाला के नगराधीश विश्वजीत सिंह के दिशा निर्देश एवं निर्देशन में पौधारोपण का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी सतबीर सिंह रोटरी क्लब से वी के शर्मा, पुनीत बत्रा, राजेश, मंगला, ग्राम सरपंच मनीषा, स्कूल प्रबंधन कमेटी की प्रधान सहित 7 गांव के लगभग 200 गणमान्य व्यक्ति, एवं 200 छात्र उपस्थित थे। इस अवसर पर विद्यालय में छात्रों द्वारा भी लगभग 150 पौधे लगाए गए। कार्यक्रम ने नगराधीश विश्वजीत

**पर्यावरण संरक्षण**

8 सभी को पर्यावरण सरक्षण के लिए प्रेरित करते हुए कहा है कि पौधा रोपण समय की जरूरत

ने सभी को पर्यावरण सरक्षण के लिए प्रेरित करते हुए कहा है कि पौधा रोपण समय की जरूरत है, प्रकृति में संतुलन पौधा रोपण से ही हो सकता है। हमें प्रकृति से प्राप्त धरोहर को सहेज के रखना है। जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार जी ने कहा पर्यावरण से छेड़छाड़ के गंभीर परिणाम हो सकते हैं, हर व्यक्ति को अपने जीवन काल में 1 पौधा लगा कर




इसका सरंक्षण करना चाहिए। जिले के 250 विद्यालयों में इको क्लब पर्यावरण सरंक्षण में अग्रिम भूमिका निभा रहे हैं। खंड शिक्षा अधिकारी सतबीर सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण में छात्रों की भूमिका बड़ी महत्वपूर्ण है। समय-समय पर विद्यालयों में पर्यावरण चेतना के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। रोटरी कल्ब से वी के शर्मा ने कहा की विद्यालयों में इस तरह के कार्यक्रम समाज को एक नई दिशा एवं चेतना देते हैं। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से राजकुमार, हरीश, विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित थे। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुआ। जिसके द्वारा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। मंच संचालन डॉक्टर पूनम ने किया। कार्यक्रम के अंत में इको कल्ब समन्वयक रविन्द्र ने सभी का धन्यवाद किया।

# मुंडलाना में स्वास्थ्य जांच शिविर का किया गया आयोजन

**एक्शन इंडिया/भोर सिंह मुंडलाना** स्थित ग्राम मुंडलाना में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। आयुष्मान भारत कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में करीब 110 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। शिविर में भाजपा जिला अध्यक्ष तीर्थ राणा मुख्य अतिथि के रूप में। कार्यक्रम के प्रशिक्षक वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कपल ने की। इकबाल तीर्थयात्री राणा ने कहा कि हमारी सरकार लोगों के स्वास्थ्य के प्रति गंभीर है। आयुष्मान कार्ड के शुरूआती विवरण में पांच लाख रुपये तक का ईलाज लिया जा सकता है। डॉ. संजय कौशिक ने कहा कि



शिविर में करीब 110 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई है। मुंडलाना ब्लॉक में करीब 27 हजार आयुष्मान कार्ड बने हैं। शिविर में राज्य के लोगों को सरकार द्वारा स्वास्थ्य के लिए दी गई जानकारी की जानकारी दी गई। ताकि अधिक से अधिक लोगों को नामांकन का लाभ मिल सके। इस मशीन पर डेंटल सर्जन डॉ. कुमार, डॉक्टर राजेश मनीषा, एच.एस. चिकित्सक डॉ. संदीप, दंत चिकित्सक डॉ. विटेन्द्र, ए. डॉक्टर. डॉ. मनीषा, एक दार्शनिक डॉ. मोहित, एचए राजेश लाठवाल, सरपंच शिवनारायण आदि उपस्थित रहे।

# ब्रिटेन दौरे से लौटने पर मुख्यमंत्री का देहरादून में जोरदार स्वागत

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अपने तीन दिवसीय ब्रिटेन दौरे के बाद शनिवार को देहरादून पहुंचे। इस दौरान भाजपा महानगर की ओर से भव्य स्वागत किया गया। महानगर की ओर से रेसकोर्स स्थित बन्नू स्कूल में भव्य स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। मुख्यमंत्री धामी का हेलीकॉप्टर जैसे ही बन्नू स्कूल स्थित हेलीपैड पर उतरा तो कार्यकर्ताओं ने सीएम धामी जिन्दाबाद के नारे लगाने शुरू कर दिए। भारी संख्या में स्वागत के लिए उमड़े कार्यकर्ता और पदाधिकारी फूल मालाओं के



साथ मौजूद थे। उन्होंने फूल मालाएं पहनाने के साथ आतिशबाजी कर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का भव्य स्वागत किया। इस अवसर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट समेत तमाम पदाधिकारी उपस्थित थे, जिन्होंने मुख्यमंत्री का आभार प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री ने अपने इस स्वागत के लिए सभी कार्यकर्ताओं का व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि दिसंबर माह में होने वाली ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट ऐतिहासिक होगी। बड़ी संख्या में निवेशक राज्य में निवेश करेंगे, जिससे राज्य का विकास तो होगा ही राज्य के युवाओं को रोजगार भी मिलेगा।
लंदन में मुख्यमंत्री धामी के साथ 12 हजार करोड़ से अधिक के अनुबंध होने से पार्टी कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। लोगों की अपेक्षा है कि इन अनुबंधों के साथ प्रदेश में विकास को नयी गति मिलेगी और प्रदेश में नई परियोजनाओं का शुभारंभ होगा। ब्रिटेन से वापस लौटने पर कार्यकर्ताओं के साथ-साथ पार्टी के विधायकों और वरिष्ठ पदाधिकारियों ने भी मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत किया। लंदन और बर्मिंघम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में हुए रोड शो और बैठकों में 12500 करोड़ से अधिक के प्रस्ताव पर सहमति बनी है। ब्रिटेन के पर्यटन मंत्री के साथ उत्तराखंड और ब्रिटेन के बीच पर्यटकों की आवाजाही पर चर्चा हुई है।
स्वागत समारोह में जो वरिष्ठ नेता उपस्थित थे उनमें सतपाल महाराज, प्रेमचंद अग्रवाल, गणेश जोशी, सुबोध उनियाल, रेखा आर्य और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भी शामिल थे।

# दसलक्षण महापर्व : श्रद्धापूर्वक मनाया गया क्षमा वाणी पर्व

**महापर्व**

**8 एक दूसरे से वर्ष भर में जाने अनजाने में होने वाली गलतियों के लिए क्षमा याचना भी की।**



**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
ऋषिकेश हरिद्वार मार्ग पर स्थित श्री 1008 आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में दसलक्षण महापर्व के दौरान पूरे वर्ष भर जाने अनजाने में की गई गलती के लिए एक दूसरे से क्षमा मांगते हुए श्रद्धा पूर्वक क्षमा वाणी पर्व मनाया गया। शनिवार को आयोजित क्षमा वाणी पर्व के दौरान सुबह श्रीजी का अभिषेक विधि विधान के साथ किया गया, तद्पश्चात पिछले 10 दिन तक संयम तप त्याग अकिंचन ब्रह्मचर्य से सम्बंधित पूजा की गई, जिसमें समस्त जैन समाज के महिला पुरुषों और बच्चों ने प्रतिभाग करते हुए एक दूसरे से वर्ष भर में जाने अनजाने में होने वाली गलतियों के लिए क्षमा याचना भी की। इस दौरान 10 दिनों तक पूजा अर्चना के साथ उपवास भी किया गया ,तत्पश्चात एक दूसरे से क्षमा याचना की। इस दौरान प्रमोद कुमार जैन कार्यवाहक अध्यक्ष, रमेश चंद्र जैन कार्यवाहक कोषाध्यक्ष, प्रदीप जैन, राजेंद्र जैन, अरविंद जैन, महेश जैन, श्वेता जैन, पारुल जैन, संजीव जैन, अंकुर जैन ,महेंद्र जैन अरविंद जैन एवं सकल जैन ने भाग लिया।

## नौ नए मामलों के साथ डेंगू मरीजों की संख्या 438 पर पहुंची

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
जनपद में डेंगू के बढ़ते मामलों ने स्वास्थ्य विभाग की पेशानी पर बल डाल दिया है। डेंगू के 9 नए मामले सामने आने के बाद जिले में डेंगू के मरीजों का आंकड़ा 438 पर पहुंच गया है।
लगातार बढ़ते मामलों को देखते हुए प्रशासन सजग हो गया है। जिन क्षेत्रों में डेंगू के ज्यादा मामले आ रहे हैं वहां जन जागरूकता अभियान चलाने के साथ ही डेंगू लार्वा नष्ट करने को कीटनाशक का छिड़काव कराया जा रहा है।
आज किस सैंपल में से 9 मामलों में डेंगू की पुष्टि हुई है।

# ऋषिकेश में राष्ट्रीय हिन्दू संगठन का 11वां स्थापना दिवस

**स्थापना दिवस**

**8 औरंगजेब, बाबर जैसे सनातन धर्म विरोधी आताताई जैसे खुद ही मिट गए हैं।**

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
हिन्दू धर्म ही है जो विश्व का कल्याण चाहता है, जिसे बचाए रखने के लिए सभी हिन्दुओं को एकजुट होकर जागरूकता के साथ संगठित होना होगा। यह विचार शनिवार को ऋषिकेश हरिद्वार मार्ग पर स्थित खटला मंदिर में राष्ट्रीय हिन्दू संगठन के 11वें स्थापना दिवस पर आयोजित सम्मेलन में मुख्य वक्ता गोविंद



सिंह रावत ने व्यक्त किए।
मुख्य वक्ता गोविंद सिंह ने कहा कि सनातन धर्म बहुत पुराना धर्म है, लेकिन आज उसे कुछ सनातन विरोधी ताकतें समाप्त किए जाने की चेतावनी दे रही हैं। यह कोई मामूली चेतावनी नहीं है, यह एक हिन्दू समाज व सनातन धर्मियों के लिए विचारणीय विषय है। उन्होंने कहा कि वैसे तो सनातन धर्म को कोई मिटा नहीं सकता है। उसे मिटाने वाले औरंगजेब, बाबर जैसे सनातन धर्म विरोधी आताताई जैसे खुद ही मिट गए हैं। उन्होंने कहा कि आज हिन्दू समाज विरोधी ताकतें गरीबों के बीच अपनी घुसपैठ कर हमारी मां ञबहनों के साथ दुराचार कर रही हैं जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके प्रति सभी लोगों को जागरूक होकर अपने धर्म को बचाने के लिए एकजुट होने की आवश्यकता है।
9इस दौरान महंत कृष्णानंद, स्वामी धर्मदास, स्वामी सौरभ दास ने भी अपने विचार व्यक्त किये।
कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संगठन के प्रदेश सचिव सुभाष सैनी ने राष्ट्रीय हिन्दू संगठन के आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा के साथ देश में प्रमुख स्थानों पर गुरुकुलों की स्थापना किए जाने, संगठन द्वारा निशुल्क केंद्र खोलने, 22 शहरों में प्रदेश कार्यालय खोले जाने, सभी जनपदों में क्षेत्रीय कार्यालय खोले जाने, 21 लाख लोगों का इस साल तक सदस्य बनाए जाने का लक्ष्य निर्धारित किये जाने की जानकारी दी। साथ उन्होंने संगठन का एप भी लॉन्च किया। कार्यक्रम का संचालन जेएस भंडारी ने किया।
इस अवसर पर मुख्य अतिथि जवाहरलाल त्रिपाठी, प्रदेश मंत्री सुभाष सैनी ,जिला प्रभारी रमेश त्रिपाठी जिला अध्यक्ष जे एस भण्डारी, जिला महामंत्री संजीव गुप्ता, जिला मंत्री ऋषभ गौड़, जिला मंत्री पन्नालाल कोठियाल, नगर मंत्री अविनाश सेमलटी , कोषाध्यक्ष आशा भट्ट, एवं नगर अध्यक्ष योगेश मालियान, संजीव चौधरी ,एवं काफी संख्या में हिन्दू संगठनों से जुड़े लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### नेक्स्ट आईएएस ने शुरू किया स्कॉलरशिप प्रोग्राम आईएएस बनने के सपने को मिलेगी नई उड़ान

**रूड़की।** करियर के तमाम नए अवसरों के बावजूद भारत में करोड़ों युवाआज भी बड़े होकर आईएएस, आईपीएस अधिकारी बनने का सपना देखते हैं। यही वजह है कि लाखों बच्चे अपने इस सपने को पूरा करने के लिए कई-कई साल दिल्ली, पटना, इलाहाबाद जैसे बड़े शहरों में रहकर देश की सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक मानी जाने वाली इस परीक्षा की तैयारी में खुद को झोंक देते हैं। लेकिन इन बच्चों से भी ज्यादा तादात उन बच्चों की है जो सिविल सर्विसेज परीक्षा में सफल होकर प्रशासनिक अधिकारी बनने का सपना तो देखते हैं मगर आर्थिक तंगी के कारण, इस परीक्षा की विधिवत तैयारी के लिए बड़े शहरों का रुख नहीं कर पाते। अगर आप भी इन्हीं बच्चों में से एक हैं तो मेड ईजी ग्रुप का नेक्स्ट आईएएस इंस्टीट्यूट आपके लिए एक स्कॉलरशिप प्रोग्राम लेकर आया है। यह सुनहरा अवसर आपके आईएएस अधिकारी बनने के सपने को सच करने की दिशा में आशा की किरण साबित हो सकता है। इसके तहत आप इंग्लिश और हिंदी माध्यम सेजनरल स्टडीज के प्री-कम-मेंस फाउंडेशन कोर्स (ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन मोड) में ट्यूशन फीस पर 100 प्रतिशत तक की स्कॉलरशिप पा सकते हैं।।

### विक्स कफ ड्रॉप्स ने अपना प्रतिष्ठित अभियान विक्सखोलइंडियाबोल पेश किया

**देहरादून।** भारत को खिच-खिच फ्री वॉइस देने की अपनी प्रतिबद्धता के लिए मशहूर भरोसेमंद ब्रांड, विक्स कफ ड्रॉप्स ने अपना नया चीयर एंथम विक्सखोलइंडियाबोल पेश करने के लिए महान क्रिकेटर युवराज सिंह के साथ गठबंधन किया है। विक्सखोलइंडियाबोल चीयर एंथम क्रिकेट के प्रति हमारे देश का असीम उत्साह प्रदर्शित करता है। इसका उद्देश्य इस क्रिकेट सीजन में 142 करोड़ वॉइस चौम्पियंस को अपनी टीम का उत्साह बढ़ाने में समर्थ बनाना है। श्री साहिल सेठी, कैटेगरी लीडर पर्सनल हेल्थकेयर, पी एंड जी इंडिया ने कहा, ह्लइस क्रिकेट सीजन विक्स कफ ड्रॉप्स लाखों लोगों को खिच-खिच फ्री वॉइस देकर चीयर करने की प्रेरणा देने और पूरे जोश से अपनी टीम का उत्साह बढ़ाने में समर्थ बनाने के लिए युवराज सिंह के साथ गठबंधन में विक्सखोलइंडियाबोल एंथम लॉन्च करके बहुत उत्साहित है। इस एंथम के बोल प्रदर्शित करते हैं कि वॉइसेज में किस प्रकार सबसे जोर से चीयर करने की क्षमता होती है, चीयर्स किस प्रकार मैच का रुख बदल सकते हैं और देश के कोने-कोने से आए क्रिकेट प्रशंसकों का उत्साह कई गुना बढ़ा सकते हैं। इस एंथम के बारे में क्रिकेटर, युवराज सिंह ने बताया, ह्लएक खिलाड़ी को सबसे ज्यादा प्रोत्साहन प्रशंसकों के उत्साहवर्धक चीयर से मिलता है। मैं विक्सखोलइंडियाबोल एंथम से जुड़कर बहुत रोमांचित हूँ, जिसके द्वारा हम क्रिकेट प्रेमियों से वॉइस चौंपियन बनने और जोर से चीयर करने का आह्वान कर रहे हैं। विक्सखोलइंडियाबोल क्रिकेट एंथम न केवल भारत को चीयर करने के लिए एकता और समावेशन को बढ़ावा देता है, बल्कि यह स्मरण भी कराता है कि अगर हम अपनी आवाज को मिला लें, कुछ भी हासिल करना मुश्किल नहीं। मुझे भारतीय साइन लैंग्वेज में एंथम सीखने और परफॉर्म करने में बहुत मजा आया। मैं विक्स और इंडिया साइनिंग हैंड्स का आभार व्यक्त करता हूँ, जिन्होंने मुझे क्रिकेट प्रशंसकों के इस विशेष समुदाय से जुड़ने का अवसर दिया।ह्व
इंडिया साइनिंग हैंड्स के संस्थापक व सीईओ, श्री आलोक केजरीवाल ने कहा, ह्लएक हियरिंग इंपेयर्ड व्यक्ति होने के कारण मुझे इंटरप्रेटर्स और सबटाइटल्स जैसे टूल्स की कमी के कारण चौनलों की न्यूज समझने या सुनने की क्षमता वाले लोगों के साथ संवाद करने में मुश्किल होती थी। कई अन्य हियरिंग इंपेयर्ड लोग भी इन्हीं दिक्कतों का सामना कर रहे होंगे, यह समझकर हमारा एक समूह इंडिया साइनिंग हैंड्स (आईएसएच) शुरू करने के लिए एक साथ आया, जिसका उद्देश्य भारत में हियरिंग इंपेयर्ड लोगों को ह्यएक्सेसिबिलिटीह्ण के लिए समाधान प्रदान करना है।

### जीवा ने खोला देहरादून में अपना नया स्टोर

**देहरादून:** प्रसिद्द चांदी के आभूषणों का ब्रांड जीवा, हिमालय की तलहटी में बसे खूबसूरत शहर देहरादून में अपने नवीनतम स्टोर के भव्य उद्घाटन की घोषणा की है। उत्तराखंड राज्य की राजधानी में अपना स्टोर खोलकर जीवा को बेहद खुशी हो रही है। देहरादून का समृद्ध गढ़वाल इतिहास और मनमोहक दृश्य पारंपरिक आकर्षण से भरपूर जीवा के समकालीन आभूषण डिजाइन के अनूठे संग्रह का जश्न मनाने के लिए एकदम सही पृष्ठभूमि प्रदान करते हैं। देहरादून में नया खुला जीवा स्टोर शहर के निवासियों और आगंतुकों को बढ़िया चांदी के आभूषणों का एक चुनिंदा संग्रह पेश करने का वादा करता है जो सुंदरता और समकालीन डिजाइन का प्रतीक है। शहर के शांत परिदृश्य और समृद्ध विरासत से घिरा, यह स्टोर आपको बढ़िया चांदी के आभूषणों की शाश्वत सुंदरता को देखने और खोजने के लिए आमंत्रित करता है। जीवा के संस्थापक, इशेंद्र अग्रवाल ने ओमनीचैनल दृष्टिकोण के प्रति अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, "ऐसी दुनिया में जहां डिजिटल और भौतिक अनुभव मिलते हैं, हम अपने ग्राहकों को दोनों का सहज मिश्रण प्रदान करने के लिए रोमांचित हैं।"

## उत्तराखंड : उत्तर भारत के न्यायाधीशों ने किया भविष्य की क्रिप्टो करेंसी, ब्लॉक चेन और एआई जैसी चुनौतियों पर मंथन



**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड के नैनीताल जनपद में भवाली स्थित उत्तराखंड न्यायिक एवं कानूनी अकादमी (उजाला) में भारतीय न्यायिक प्रक्रिया को पारदर्शी और प्रभावशाली बनाने के लिए दो दिवसीय उत्तर क्षेत्रीय न्यायिक संगोष्ठी शनिवार को शुरू हो गयी।
उत्तराखंड के राज्यपाल सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जर्नल गुरमीत सिंह ने सर्वोच्च न्यायालय एवं उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के साथ संगोष्ठी का दीप प्रज्ज्वलित कर औपचारिक शुभारंभ किया।
इस अवसर पर क्रिप्टो करेंसी, ब्लॉक चेन और एआई यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे नये दौर के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विशेषज्ञ वक्ताओं ने भारतीय न्यायिक प्रक्रिया को पारदर्शी और प्रभावशाली बनाने के लिए उत्तराखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी, देश के अटॉर्नी जर्नल आर वैंकटरमणी, न्यायमूर्ति संजय करोल, न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा आदि विशिष्ट अतिथियों ने अपने विचार रखे।
सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया ने कहा कि यह संगोष्ठी तकनीक की मदद से न्याय को सरल बनाने के लिए आयोजित हुई है। उन्होंने एआई को भविष्य के लिये खतरा बताते हुए कहा कि यह हमें परेशानियों और रोगों से निजात देंगे, लेकिन हमारी जिंदगियों पर कब्जा कर लेंगे।
वक्ताओं ने कहा कि ऐसी संगोष्ठियों से न्यायिक प्रक्रिया का भविष्य का मार्ग तय होगा।
इसमें बताया गया कि रविवार को न्यायमूर्ति राजेश बिंदल, न्यायमूर्ति राजा विजयराघवन, न्यायमूर्ति एएम मुस्ताक और न्यायमूर्ति सूरज गोविंद राज अपने व्याख्यान देंगे।
इस अवसर पर उच्च न्यायालय के वरिष्ठ न्यायाधीश मनोज तिवारी, न्यायमूर्ति शरद शर्मा, न्यायमूर्ति आलोक वर्मा, न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल, न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित और न्यायमूर्ति विवेक भारती शर्मा के साथ ही महाधिवक्ता एसएन बाबुलकर, वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. महेंद्र पाल आदि विशिष्ट अतिथि और उत्तराखंड के साथ जम्मू कश्मीर और लेह लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और असम आदि राज्यों के न्यायाधीश उपस्थित रहे।

## जोशियाडा के लोगों का फूटा गुस्सा, गंगोत्री हाइवे जाम किया

**उत्तरकाशी/टीम एक्शन इंडिया**
लंबे समय से बरसाती पानी घरों में घुसने की समस्याओं से परेशान जोशियाड़ा वासियों का आक्रोश सड़कों पर फूट पड़ा। शनिवार को जोशियाड़ा क्षेत्र के लोगों ने ज्ञानसू में गंगोत्री हाइवे पर एक घंटे भर तक शासन -प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और जाम लगाया।
इसके बाद तहसीलदार सहित पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने किसी तरह गंगोत्री हाइवे पर जाम खुलवाया। इसके बाद गुस्साए ग्रामीण कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचे और अधिकारियों से मुलाकात कर शीघ्र समस्या के समाधान की मांग रखी।

# सड़क हादसे में भाई की मौत, बहनें घायल

**का**

**8 कनखल क्षेत्र में सिंह द्वार के पास एक बस चालक ने स्कूटी सवार भाई बहनों को टक्कर मार दी**

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
कनखल क्षेत्र में सिंह द्वार के पास एक बस चालक ने स्कूटी सवार भाई बहनों को टक्कर मार दी, जिसमें भाई की मौत हो गई जबकि दोनों बहनों को गंभीर अवस्था में अस्पताल में दाखिल कराया गया है। घटना शुक्रवार देर रात की है। सड़क हादसे का शिकार हुए तीनों भाई बहन जॉलीग्रांट अस्पताल में भर्ती चचेरे



भाई से मिलकर घर लौट रहे थे। कनखल थाना प्रभारी रितेश शर्मा के अनुसार ज्वालापुर के मोहल्ला कैथवाड़ा निवासी खलीक मंसूरी का बेटा जैद कुछ दिन से जौलीग्रांट स्थित हिमालयन अस्पताल में भर्ती है। खलीक के चचेरे भाई ग्यास मंसूरी का बेटा आदिल मंसूरी अपने दो बहनों बुशरा और शाजिया को स्कूटी पर लेकर जैद को देखने जौलीग्रांट गया था। बीती देर रात तीनों वापस लौट रहे थे, जब सिंहद्वार फ्लाईओवर के पास एक रोडवेज बस भी हरिद्वार से दिल्ली की तरफ जा रही थी।

# शिवपुरी क्षेत्र में अवैध रूप से शराब पिलाने वाले के विरुद्ध की कार्रवाई

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
मुनि की रेती पुलिस ने शराब की तस्करी करने वाले, अवैध रूप से शराब पिलाने वाले रेस्टोरेंट, ढाबा मालिकों व कैम्प संचालकों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत ताबड़ तोड़ कार्रवाई करते हुए, 25 कैम्प, रिसॉर्ट संचालकों से 1250 रुपये जुमार्ना वसूला। इसके बाद कैंप संचालकों में हड़कंप मच गया है।
थाना मुनि की रेती प्रभारी निरीक्षक रितेश शाह ने बताया कि अपर पुलिस अधीक्षक और क्षेत्राधिकारी नरेन्द्र नगर के निर्देशन में शिवपुरी क्षेत्र में ताबड़तोड़ चेकिंग अभियान चलाया गया। इसमें शिवपुरी क्षेत्र में रॉयल ग्रीन, मूनलाइट, ब्लू हेवन रिजॉर्ट, ब्लू मून, स्टेइंग



कैम्प, पाम रिसोर्ट यूनिकॉर्न आदि 25 कैम्पों व रिसोर्ट को चेक किया गया।
पुलिस टीम ने ब्लू हेवन कैंप को चेक किया तो वहां कैम्प संचालक दीपक पुत्र राधेश्याम चौधरी निवासी टिहरी विस्थापित कॉलोनी, ज्वालापुर, हरिद्वार द्वारा कैंप में अवैध रूप से शराब पिलाई जा रही थी। एक अन्य कैंप रॉयल ग्रीन को चेक करने पर कैंप संचालक देवेंद्र सिंह पुत्र सुरेंद्र सिंह निवासी ग्राम गंज डुंडवारा, थाना गंज जिला कासगंज उप्र को अवैध रूप से शराब परोसी जा रही थी। उक्त अभियुक्तों से पूछताछ करने पर शराब पिलाने का लाइसेंस न होने के कारण आरोपितों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम पंजीकृत किया गया। इसके अतिरिक्त नियमों का उल्लंघन करने के कारण कैंप संचालकों और रिजॉर्ट संचालकों के विरुद्ध पुलिस एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए 25 कैम्प संचालकों से 12500 रुपये जुमार्ना वसूला गया। सभी होटल व ढाबा संचालकों से अपील की गई है कि बिना लाइसेंस के कैंप में अवैध रूप से शराब न परोसी जाए।

# पूंजीगत परिसम्पत्तियों के सृजन में अभिवृद्धि शीर्ष प्राथमिकता : डा. अग्रवाल

**प्राथमिकता**

**8 निजी क्षेत्र में निवेश की वृद्धि के साथ-साथ सार्वजनिक निवेश में वृद्धि के लिए प्रयास किये जा रहे हैं।**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड के वित्त मंत्री डा. प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि पूंजीगत परिसम्पत्तियों के सृजन में अभिवृद्धि राज्य की शीर्ष प्राथमिकता है। सुनहरे भविष्य के लिए निजी क्षेत्र में निवेश की वृद्धि के साथ-साथ सार्वजनिक निवेश में वृद्धि के लिए विशेष प्रयास किये जा रहे हैं।
शनिवार को वित्त मंत्री डा. अग्रवाल ने अपने कार्यालय में हुई बैठक में बताय कि केन्द्र सरकार भी राज्यों में निवेश को बढ़ावा देने के लिए 'स्कीम फॉर स्पेशल एसिस्टेंस टू स्टेट्स फॉर कैपिटल इवेंस्टमेंट 2023-24' के अन्तर्गत राज्यों के लिए सितम्बर 2023 तक पूंजीगत व्यय के लक्ष्य निर्धारित किये हैं। इसी क्रम में उत्तराखंड राज्य के लिए वार्षिक लक्ष्य 8797 करोड़ का 45 प्रतिशत पूंजीगत व्यय करने का लक्ष्य था। इस प्रकार लगभग 4000 करोड़ के पूंजीगत व्यय का लक्ष्य था। उन्होंने कहा कि इस चुनौतीपूर्ण लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए वित्त विभाग ने विशेष प्रयत्न किए।



बजट प्रावधान के अनुरूप धनराशि आवंटन करने के साथ-साथ पुर्नवियोग, आकस्मिकता निधि व अनुपूरक बजट के माध्यम से आवश्यकतानुसार प्रावधान सुनिश्चित किये गये। उन्होंने कहा कि अधिकारों के प्रतिनिधायन में शिथिलता प्रदान की गई।
वित्त मंत्री ने बताया कि ऐतिहासिक प्रवृत्ति के आधार पर यह लक्ष्य चुनौतीपूर्ण था। विगत वर्षों में प्रथम 6 माह में अधिकतम 2805 करोड़ का ही पूंजीगत व्यय किया गया था। महालेखाकार से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर वर्ष 2019-20, 2020-21 2021-22, 2022-23 में क्रमशः रुपये 1695 करोड़, रुपये 1082 करोड़, रुपये 2805 करोड़ और रुपये 2138 करोड़ का पूंजीगत व्यय किया गया।
उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के प्रारम्भिक महीनों में पूंजीगत व्यय की प्रगति धीमी थी। वित्त विभाग के तत्वावधान में गहन समीक्षा के उपरान्त पूंजीगत परिव्यय में तेज वृद्धि देखी गई।
उन्होंने कहा कि इन प्रयासों के फलस्वरूप सुखद परिणाम आने लगे। 29 सितम्बर 2023 तक लगभग रुपये 4800 करोड़ (4798 करोड़) पूंजीगत परिव्यय हो गया है।
उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक उपलब्धि से जहां एक ओर 'स्कीम फॉर स्पेशल एसिस्टेंस टू स्टेट्स फॉर कैपिटल इवेंस्टमेंट 2023-24' की तृतीय किस्त पाने के लिए राज्य अर्ह हो गया है वहीं दूसरी और यह पूंजीगत निवेश के क्षेत्र में राज्य की नई क्षमता का प्रतीक है।

# एसटीएफ ने एक लाख के इनामी प्रकाश पंत को हरियाणा से किया गिरफ्तार

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
आपरेशन प्रहार के अंतर्गत एसटीएफ अब तक 50 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। एसटीएफ ने 14 वर्ष पहले घटना कर फरार इनामी हत्यारे को हरियाणा से गिरफ्तार किया है।
प्रकाश पंत से ओमप्रकाश बनकर हरियाणा में रह रहा हत्यारा 2009 में लालकुआं से फरार था। उस पर एक लाख रुपये का इनाम रखा गया था। अपनी रिश्तेदारी व मित्रों में नेपाल में रहने की अफवाह फैलाकर आरोपित हरियाणा में रह रहा था।
एसटीएफ के वरिष्ठ पुलिस



अधीक्षक आयुष अग्रवाल ने बताया कि एसटीएफ शातिर और इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी में 50 का आंकड़ा पार कर चुकी है। उन्होंने बताया कि आरोपित प्रकाश पंत ने 10 दिसम्बर 2009 को जमीन के बंटवारे में अपने चाचा दुर्गादत्त पंत की हत्या कर दी थी, तभी से वह फरार था। उसकी गिरफ्तार में लगी नैनीताल पुलिस ने दिल्ली, हरियाणा, बेंगलोर, तमिलनाडु, गुजरात, पूना आदि जहां-जहां ओम प्रकाश रहा वहां पहुंची, लेकिन प्रकाश पंत उन्हें नहीं मिल पाया।
वेल्डिंग के काम में दक्ष होने पर उसे आसानी से काम मिल जाता था। वह समय-समय पर अपने छिपने का स्थान बदलकर वेल्डिंग की दुकानों / फैक्टरी में काम कर रहा था। अभियुक्त प्रकाश पंत ने बताया कि वह पहले से फरीदाबाद में काम वेल्डिंग फेब्रिकेशन फिटर का काम करता था।

## न्यूज फ्लैश

### सेवानिवृत्ति पर जिला सचिवालय में कार्यक्रम आयोजित



**पानीपत:** जिला सचिवालय के द्वितीय तल पर स्थित सभागार में एसडीएम ऑफिस समालखा से सेवानिवृत्त हुए सहायक शिव कुमार शर्मा का स्टाफ व अन्य विभाग के कर्मचारियों ने फूल की मालाएं पहनाकर सम्मान किया। विदित रहे कि शिव कुमार ने 13 अप्रैल 1987 को बतौर लिपिक चण्डीगढ़ से अपनी सेवाएं शुरू की व इस दौरान उन्हें सहायक से पदोन्नति भी मिली। शुक्रवार को उनकी सेवानिवृत्ति पर स्टाफ के सदस्यों ने सम्मानित किया व उनके कार्यकाल की प्रशंसा की। इस माके पर रणजीत सिंह जागलान, विक्रम सिंह, निर्मला देवी, सुखबीर मलिक, अनुप सिंह, बिजेन्द्र सिंह, जोगिन्द्र राठी, नीलम गुप्ता, सरोज रानी, सीमा रानी व विभिन्न विभागों के कर्मचारी मौजूद रहे।

### बेटे ने पत्नी के साथ मिलकर मां व भाई के साथ की मारपीट, मामला दर्ज

**गन्नौर।** घसौली गांव में बेटे ने अपनी पत्नी के साथ मिलकर अपनी मां व भाई के उपर हमला कर घायल कर दिया। आरोप है कि दोनो ने उन्हे जान से मारने की धमकी भी दी है। घायल महिला ने मामले की शिकायत बडी थाना पुलिस को दी है। शिकायत में घसौसी निवासी प्यारी ने बताया कि उसका बेटा नरेश अपनी पत्नी बबीता के साथ पानीपत रहता है। वह 26 सितंबर को अपने घर पर थी। इस दौरान नरेश अपनी पत्नी के साथ घर पर आया और उसके व छोटे बेटे रमेश के साथ झगडा शुरू कर दिया। बबीता ने कपडे धोने की थपकी से उपर हमला कर घायल कर दिया और नरेश ने अपने छोटे भाई रमेश को लात घूसे बरसा दिये। जाते हुए आरोपी उन्हे जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। बडी थाना प्रभारी मनीष कुमार ने बताया कि पुलिस ने पति-पत्नी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### नौकरी लगवाने के नाम पर ठगे 2 लाख 60 हजार रुपये, मामला दर्ज

**गन्नौर।** इंश्योरेंस कंपनी में नौकरी लगवनाने के नाम पर व्यक्तियो ने एक व्यक्ति के से लाखों रुपये की ठगी की है। पीडित ने मामले की शिकातय बडी थाना पुलिस को दी है। शिकायत में खांडा खेडी, हिसार निवासी युद्ववीर ने बताया कि सोनीपत निवासी विकास ने अपने साथी कर्ण के साथ मिलकर मुझे इंश्योरेंस कंपनी में लगवाने की बात कही और उसके बदले 2 लाख 60 हजार रुपये की मांग की। जिसके बाद उसने विकास को 9 नवंबर 2022 को 1 हजार रुपये, 10 नवंबर को 40 हजार रुपये, 14 जनवरी 2023 को दो बार 25-25 हजार रुपये और 16 व 17 जनवरी को उसकी बहन सीमा ने अपने खाते से दो बार 70-70 हजार रुपये ट्रांसफर किये। 17 जनवरी को उसने अपने दोस्त शुभम से विकास को 30 हजार रुपये नकद दिये। इस दौरान 13 जनवरी को विकास ने उसे इंश्योरंस कंपनी दिल्ली में ड्राईवर के पद पर लगवा दिया और कहा कि 45 वर्ष तक उसे कंपनी से कोई नही निकाल सकता, लेकिन 6 फरवरी 2023 को उसे कंपनी से निकाल दिया। उसने जितने दिन नौकरी की, उसे उसकी तनखवाह भी मिली। जब उसने विकास से बात की तो विकास व कर्ण उसे झांसा देते रहे। बडी थाना प्रभारी मनीष कुमार ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### टूटी हुई गली की रिपेयर करवाने के लिए पालिका चेयरमैन को पत्र लिखकर ठीक करने की मांग की



**गन्नौर ।** गांधी नगर वार्ड 2 सुभाष कॉलोनी के लोगों ने नगर पालिका अध्यक्ष को पत्र लिखकर बरसात के कारण गांधीनगर की सबसे लास्ट वाली गली को ठीक करने की मांग की है। रेशमा ,पूजा,आशा, तेजपाल अंजय , सविता , राधा, राजकुमार,विनोद संदीप कश्यप, बलबीर, संतोष,जगबीर, कान्ता, विकास ने बताया कि पिछले दिनों हुई तेज बरसात के कारण उनकी गली टूट गई थी अगर गली को नगर पालिका द्वारा ठीक नहीं कर गया तो वह और ज्यादा टूट जाएगी जिससे लोगों को आवा गमन में परेशानी का सामना करना पड़ेगा ।

# मांगों को लेकर शंभू रेलवे लाइन पर बैठे किसान, दर्जनों ट्रेनें हुई प्रभावित

**टीम एक्शन इंडिया/ अम्बाला (मनीष कुमार)**
भारतीय किसान यूनियन शहीद भगत सिंह व पंजाब के भारतीय किसान यूनियन पेटड़ी के किसान अंबाला शहर के पास शंभु रेलवे स्टेशन के बीच बैठ गए। किसानों ने रेल ट्रैक को दोपहर 12 बजे बाधित कर दिया। जिसके कारण कई ट्रेनें प्रभावित हुईं। हालांकि पंजाब में पहले से ही ट्रैक पर किसान बैठे हैं इस कारण से रेल यातायात प्रभावित चल रहा है। अंबाला में किसानों ने जमकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।



किसानों की मांग है कि बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों के किसानों को मुआवजा दिया जाए, न्यूनतम समर्थन मूल्य पर फसलों की खरीद के साथ उनके कर्ज माफ किए जाएं। किसानों ने सायं चार बजे तक ट्रैक पर बैठकर प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। किसान नेताओं का कहना है कि रेल रोको आंदोलन के दूसरे चरण की शुरूआत हरियाणा में हो गई है। सभी मांगें केंद्र सरकार से जुड़ी हुई हैं ऐसे में प्रदर्शन भी केंद्र सरकार के खिलाफ किया जा रहा है।
गौरतलब है कि पंजाब में तीन दिनों के लिए 20 स्थानों पर ट्रेन रोको आंदोलन के दौरान आंदोलन की अगली रणनीति और स्थिति को लेकर उत्तर भारत के 6 राज्यों के 18 संगठनों की तालमेल समिति की केंद्र सरकार से 50 हजार के राहत पैकेज की मांग की है। किसान नेताओं का कहना है कि हरियाणा और पंजाब के प्रशासन ने हमारी बात केंद्र सरकार में करवाने का वादा किया था, मगर अभी तक बात नहीं कराई है। भारतीय किसान यूनियन भगत सिंह से तेजवीर सिंह पंजोखरा ने बताया कि अब अगले चरण में किसान 23 और 24 अक्टूबर को दशहरा मनाएंगे। सरकार की कारपोरेट पक्षधर नीतियों का विरोध कर बड़े पैमाने पर हरियाणा पंजाब में पुतले दहन किए जाऐंगे।
वहीं दूसरी ओर आज भी अनेक ट्रेने रद्द होने के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। शताबदी सहित अनेक रेलगाडियां रद्द कर दी गई। जिसके चलते लोग अपने गतव्य तक नहीं पहुंच सके।

## जीवन पानीपत ग्रामीण हल्के की गरीब लोगों की सेवा में लगाना हैः विजय जैन



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
पानीपत ग्रामीण हल्के के नेता भाई विजय जैन ने अपने जनसंपर्क अभियान के तहत अंकित अग्रवाल व कंवरपाल खोखर द्वारा आयोजित बबैल रोड मनमोहन नगर वह भारत नगर में आयोजित जनसभाओं को संबोधित किया। विजय जैन ने कहा है कि मैं पानीपत ग्रामीण हल्के में आप लोगों की सेवा करने के लिए ही राजनीति में आया हूं मेरा मकसद बाहरी कॉलोनी में जो गरीब जनता वास करती है। उनके दुख दर्द को जान करके उनका हल करने का प्रयास करूंगा। जैन ने कहा है कि मैंने अपना कारोबार सुख शांति और वैभव को त्याग करके बचा हुआ जीवन पानीपत ग्रामीण हल्के की गरीब लोगों की सेवा में लगाना है। उन्होंने कहा है कि मैं लगभग दो वर्षों से आपके बीच में हूं और गरीबों की सेवा करके जो सुख शांति मुझे मिलती है। मैं उससे बहुत संतुष्ट हूं जैन ने कहा है कि गरीब में ही भगवान वास करता है आप लोग सुबह से शाम तक जो मेहनत की कमाई करके अपने परिवार का गुजर बसर करते हो बच्चों का लालन-पालन करते हो वह सबसे बढ़िया कार्य है।

## अमेज़िंग इंडियंस अवार्ड्स में 11 भारतीयों को किया गया सम्मानित




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
टाइम्स नाउ की ओर से नई दिल्ली में अमेज़िंग इंडियंस अवार्ड्स-2023 का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय स्तर के एक प्रमुख मंच, अमेज़िंग इंडियंस अवार्ड्स 2023 में अत्यंत प्रतिभाशाली 11 भारतीयों के अदम्य उत्साह की सराहना की गई और उन्हें सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपने साहस, सच्ची लगन और निःस्वार्थ भावना से किए गए कार्यों के जरिये दूसरों के जीवन पर गहरा प्रभाव डाला है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, श्री पीयूष गोयल, माननीय केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग, उपभोक्ता मामले और खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण और कपड़ा मंत्री, तथा श्रीमती स्मृति ईरानी, माननीय केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री ने मुख्य वक्ता के रूप में सभा को संबोधित किया और ज्यूरी सदस्यों के साथ विजेताओं को सम्मानित किया।

## जिला सचिवालय में जिले के बैंकर्स के साथ उपायुक्त ने की बैठक

**पानीपतः** उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने शुक्रवार को जिला सचिवालय में बैंकरों की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री परिवार उत्थान योजना सरकार की प्राथमिकता का हिस्सा है। इसके तहत जो लक्ष्य बैंक अधिकारियों को दिए गए हैं उन पर सभी बैंकर को 6 अक्तूबर तक अपनी स्थिति स्पष्ट करनी होगी व उपभोक्ताओं द्वारा दिए गए ऋण संबंधी प्रार्थना पत्रों में देरी का क्या कारण रहा है इस पर अपना पक्ष स्पष्टद्द करना होगा। उपायुक्त ने कहा कि काम में देरी उन्हें बिल्कुल भी बर्दाशत नहीं हैं। देरी करने वाले अधिकारी इसके लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे। उपायुक्त ने कहा कि वे अगले माह के प्रथम सप्ताह में सभी बैंकरों की बैठक बुलाकर एक-एक आवेदन के समीक्षा करेंगे।

## दिल्ली-पंजाब की तर्ज पर हर घर में बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य होगा'

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
**आम आदमी पार्टी संयोजक** एवं दिल्ली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आदेश अनुसार हरियाणा मैं सरकार बनाने के लिए हरियाणा में परिवार जोड़ो अभियान की शुरूआत की गई हैं। अभी तक हल्का पानीपत ग्रामीण में 25 गांव और 30 कॉलोनिया में डोर 2 डोर कैंपेन कर चुके हैं। आम आदमी पार्टी प्रदेश ज्वाइंट सेक्रेटरी सुखबीर मलिक ने आज पानीपत ग्रामीण विधानसभा की गावँ बाबरपुर कचरोली रसालू मे डोर टू डोर कैंपेन किया हल्का पदाधिकारी के साथ मिलकर घर-घर जाकर आम आदमी परियों के नीचे पर




बारीकी से चर्चा की। चर्चा हर घर मे बिजली, हर घर शिक्षा और हर घर मे स्वास्थ्य परिवार पर रही। मूलभूत सुविधाएं सभी के लिए अनिवार्य होनी चाहिए। गावँ बाबरपुर ,कचरौली, रिसालू की जनता में एक अद्भुत उत्साह दिखा ।सुखबीर मलिक ने बताया जनता खुद ब खुद दिल्ली और पंजाब के बारे में चर्चा करती दिखी। हर घर में बिजली शिक्षा और स्वास्थ्य मैं होनी चाहिए जिस पर जनता ने सहमति जताई।
2024 में आम आदमी पार्टी की सरकार आना तय ये पूरी तरह जनता के हाथ में है जो की स्पष्ट दिख रहा है। सैकड़ो व्यक्तियों ने नाम और नंबर देकर अपनी रुचि दिखाई।

# डीजीपी ने अंबाला रेंज के पुलिस अधिकारियों से की मीटिंग

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** अंबाला शहर के पुलिस लाइन स्थित पुलिस ऑफिसर इंस्टीटयूट में हरियाणा के डीजीपी शत्रुजीत कपूर ने पत्रकारवार्ता में बताया कि जनता व पुलिस कर्मियों के बीच समन्वय स्थापित करने व जनता व पुलिस के बीच एक अच्छा संबंध बनाने के लिए पुलिस कर्मचारियों को प्रेरित किया जाता है। इसके साथ ही सोफ्ट स्पोकन प्रोग्राम के तह भी पुलिस कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। उन्होनें बताया कि नशे का काराबार करने वालों के खिलाफ तो कार्रवाई पुलिस द्वारा की ही जा रही है। इसके साथ ही नशे के आदी युवाओं को भी विभिन्न प्रोग्रामों के तहत जागरूक



किया जा रहा है। जिससे नशाखोरी पर रोक लगाई जा सके। इसके साथ ही विभिन्न इकाईयां बनाकर नशा तस्करों पर कार्रवाई जारी है। उन्होनें कहा कि हरियाणा पुलिस द्वारा महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों व पिछड़े वर्ग के प्रति नर्मतापूर्ण व्यवहार लाने के लिए भी कदम उठाए जा रहें है। वहीं पुलिस कर्मचारियों द्वारा वीआरएस लेने पर उन्हानें बताया कि कुछ पुलिस कर्मी सेवा काल समाप्त होने से पहले ही वीआर एस ले रहें । जिसका मुख्य कारण परिवारिक स्थितियां है। उन्होनं बताया कि पुलिस कर्मियों के बच्चे विदेशों में अच्छे स्तर पर काम कर रहे है। ऐसे में पुलिस कर्मी अपने परिवार व अन्य निजी कारणों के चलते वीआर एस ले रहें है। वहीं साइबर क्राइम पर संज्ञान लेते हुए उन्होनें बताया कि हरियाणा पुलिस द्वारा बैंकों व टेलिफोन कंपनियों के साथ समन्वय स्थापित किया जा रहा है। जिससे आने वाले समय में आनॅलाइन फ्राड व अन्य कई प्रकार के अपराध जो इंटरनेट के माध्यम से किये जा रहे है। उन पर रोक लगाई जा सके। इसके साथ ही पुलिस आम लोगो को भी जागरूक कर रही है। वहीं 112 पर भी उन्होनें बताया कि 112 गाड़ियों का भी सेवा स्तर बढ़ाया जा रहा है। जिसमें आने वाले समय में 112 की 600 एबुंलेंसें हरियाणा पुलिस में शामिल कि जाएगीं। इसके साथ फायर कंट्रोल वाहनों को भी 112 से जोड़ा जाएगा। जिससे लागो को एक ही नंबर पर विभिन्न आपातकालीन सेवाएं मिल सके । इसके साथ ही एक फीडबैक प्रोग्राम भी चलाया जा रहा है।
जिसके तहत शिकायत कर्ता से पुलिस कर्मी द्वारा की गई कार्रवाई की गुणवत्ता के बारे में पूछा जाता है। इसकी रिपोर्ट सीधा डीजीपी सत्रुजीत कपूर स्वंय देखते है। जिसके आधार पर पुलिस की कार्यप्रणाली में सुधार किए जा रहे है।
इसके साथ ही हिमाचल व चंडीगढ पुलिस की तरह हरियाणा में भी पुलिस कर्मियों की वर्दी में कैमरें भी लगाए जाने की तैयारी की जा रही है। जिसके लिए ट्रायल किय जा रहे।

## डी डेवलपमेंट इंजीनियर्स लिमिटेड ने सेबी के यहां डीआरएचपी दाखिल किया

**नोएडा।** इंजीनियरिंग, खरीद और विनिर्माण के माध्यम से तेल और गैस, बिजली (परमाणु सहित), रसायन और अन्य प्रक्रिया उद्योगों जैसे उद्योगों के लिए विशेष प्रक्रिया पाइपिंग समाधान प्रदान करने वाली इंजीनियरिंग कंपनी, डी डेवलपमेंट इंजीनियर्स लिमिटेड ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ("सेबी") के यहाँ अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस ("डीआरएचपी") दाखिल किया। कंपनी आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के माध्यम से इक्विटी शेयरों (अंकित मूल्य ? 10 प्रत्येक) की पेशकश के माध्यम से धन जुटाने की योजना बना रही है। इस ऑफर में कुल मिलाकर ? 325 करोड़ तक के इक्विटी शेयरों का फ्रेश इश्यू और विक्रेता शेयरधारकों के 7,900,000 इक्विटी शेयर तक का ऑफर फॉर सेल शामिल है। कंपनी नए इश्यू से प्राप्त शुद्ध आय का उपयोग अग्रलिखित कार्यों में करने का प्रस्ताव करती है- कंपनी की कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं के वित्तपोषण; कंपनी और उसकी सहायक कंपनियों, डीईई पाइपिंग सिस्टम्स (थाईलैंड) कंपनी लिमिटेड और डीईई फैब्रिकॉम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा लिए गए सभी या कुछ बकाया उधारों का पूर्व भुगतान या पुनर्भुगतान; और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्य। कई औद्योगिक क्षेत्रों से उत्पन्न होने वाली जटिल प्रक्रिया पाइपिंग आवश्यकता को पूरा करने की तकनीकी क्षमता के मामले में, डी डेवलपमेंट इंजीनियर्स लिमिटेड को वर्तमान में दुनिया में अग्रणी प्रक्रिया पाइप समाधान प्रदाताओं में से एक के रूप में स्थान दिया गया है। (स्त्रोतः डी एंड बी रिपोर्ट) वर्तमान में, कंपनी स्थापित क्षमता के मामले में भारत में प्रोसेस पाइपिंग समाधान में सबसे बड़ी कंपनी है।

## नेक्स्ट आईएएस ने शुरू किया स्कॉलरशिप प्रोग्राम, आईएएस बनने के सपने को मिलेगी नई उड़ान

**नई दिल्ली।** करियर के तमाम नए अवसरों के बावजूद भारत में करोड़ों युवाआज भी बड़े होकर आईएएस, आईपीएस अधिकारीबनने का सपना देखते हैं। यही वजह है कि लाखों बच्चे अपने इस सपने को पूरा करने के लिए कई-कई साल दिल्ली, पटना, इलाहाबाद जैसे बड़े शहरों में रहकर देश की सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक मानी जाने वाली इस परीक्षा की तैयारी में खुद को झोंक देते हैं। लेकिन इन बच्चों से भी ज्यादा तादात उन बच्चों की है जो सिविल सर्विसेज परीक्षा में सफल होकर प्रशासनिक अधिकारी बनने का सपना तो देखते हैं मगर आर्थिक तंगी के कारण, इस परीक्षा की विधिवत तैयारी के लिए बड़े शहरों का रुख नहीं कर पाते। अगर आप भी इन्हीं बच्चों में से एक हैं तो मेड ईजी ग्रुप का नेक्स्ट आईएएस इंस्टीट्यूट आपके लिए एक स्कॉलरशिप प्रोग्राम लेकर आया है। यह सुनहरा अवसर आपके आईएएस अधिकारी बनने के सपने को सच करने की दिशा में आशा की किरण साबित हो सकता है।

## भारत को स्वावलंबी बनाना है लक्ष्यः सुनील ढल

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
**श्रीमद्भग**वद्गीता व० मा० विद्यालय कुरुक्षेत्र में स्वदेशी सप्ताह का आरंभ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के वंदना सत्र में मां शारदा के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रोफेसर सुनील ढल (कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र )उपस्थित रहे। सुनील ढल ने कहा कि आजकल अधिकतर युवा नौकरी की तलाश में बेरोजगार घूम रहे हैं। सरकारी



नौकरी के चक्कर में दिन प्रतिदिन अपना समय लगते हैं । हमें इसकी वजह अपना स्वयं का व्यवसाय आरंभ करना चाहिए। यही स्वालंबी भारत का लक्ष्य भी है। हमें सरकारी नौकरियों पर निर्भर नहीं रहना चाहिए ।नौकरी का अर्थ है- नौकर के रूप में कार्य करना ।अतः हमें नौकर बनने की वजह नौकरी देने वाला बनने का प्रयास करना चाहिए। 2014 से जब बीजेपी की सरकार आई है तभी से स्वावलंबी भारत की मुहिम को एक नया आयाम मिला है । नरेंद्र मोदी का सपना है कि भारत स्वावलंबी बने।
भारत में लोग रोजगार देने वाले बने ना कि रोजगार मांगने वाले ।सरकार के अंतर्गत दी जाने वाली नौकरियों की संख्या बहुत ही कम है और बेरोजगार युवा अत्यधिक हैं।
ऐसी स्थिति में बहुत ही कम युवाओं को नौकरी मिल पाती है। इसलिए हमारे लिए अपना स्वयं का रोजगार ही आरंभ करना श्रेयस्कर समझना चाहिए और नए-नए नौकरी के आयाम को खोजना चाहिए।

# सीएम के खरखौदा कार्यक्रम के दृष्टिगत उपायुक्त ने की मीटिंग

**खरखौदा (सोनीपत), 30 सितंबर।**
मुख्यमंत्री मनोहर लाल के 1 अक्तूबर को सिसाना गौशाला में आगमन व जनसभा कार्यक्रम के दृष्टिगत उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने पुलिस आयुक्त बी. सतीश बालन के साथ आयोजन स्थल का निरीक्षण किया।
उन्होंने गंभीरत से हर प्रकार की व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए विशेष दिशा-निर्देश दिए। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल रविवार को खरखौदा खंड के गांव सिसाना स्थित गौशाला के समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में हिस्सा लेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन के तहत विभिन्न प्रकार की तैयारियों का जायजा लेने के लिए पुलिस आयुक्त



बी. सतीश बालन व उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने खरखौदा का दौरा किया। उन्होंने पहले राजीव गांधी खेल परिसर सिसाना में स्थापित किये गये हैलीपेड का निरीक्षण किया। वहां सुरक्षा बंदोबस्त की विशेष रूप से जांच करते हुए जरूरी दिशा-निर्देश दिए। तदोपरांत उपायुक्त व पुलिस आयुक्त सिसाना गौशाला में पहुंचे, जहां उन्होंने हर प्रकार की तैयारियों की बारीकी से समीक्षा की। उन्होंने आयोजन स्थल पर आगमन, आम जनमानस के बैठने की व्यवस्थाओं, पेयजल, मंच और सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने विशेष रूप से मंच पर मुख्यमंत्री के साथ मंच साझा करने वाले गणमान्य व्यक्तियों को लेकर विशेष दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने मंच को सुरक्षा मानकों के अनुसार तैयार करने के निर्देश दिए। मंच के आसपास भी उन्होंने व्यवस्थाओं में सुधार के निर्देश दिए। उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्देश दिए कि उनकी जो ड्यूटी लगाई गई है उसका निर्वहन पूर्ण ईमानदारी व कर्मठता के साथ करें। ड्यूटी में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने आयोजकों से भी विस्तार से बातचीत करते हुए सहयोग की अपील के साथ जरूरी निर्देश भी दिए। इस दौरान पुलिस आयुक्त ने भी सुरक्षा प्रबंधों के तहत विशेष निर्देश देते हुए आयोजन स्थल के चहुंओर चारदिवारी की सुरक्षा के लिए अलग से अधिकारी की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए।
इस दौरान डीसीपी विजय सिंह, नगराधीश डा. अनमोल, एसीपी जीत सिंह बेनीवाल, एसीपी नर सिंह, एसीपी मुकेश जाखड़, एसीपी नरेंद्र सिंह, एचसीएस आशीष सांगवान, एक्सईएन प्रशांत कौशिक, तहसीलदार जिवेंद्र मलिक, नायब तहसीलदार प्रदीप अहलावत, अंकित, बीडीपीओ दीपिका शर्मा आदि अधिकारी मौजूद थे।

# कल देश-विदेश में धूमधाम से मनेगा भारतीय योग संस्थान का 57वां योग दिवस

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक )**
**भारतीय** योग संस्थान (पंजीकृत) का 57 वां योग दिवस पूरे भारतवर्ष ही नहीं, विदेशों में भी बड़ी श्रद्धा और धूमधाम से हर्षोल्लास के साथ उत्सव के रूप में मनाया जायेगा । प्रत्येक स्थान पर सामूहिक योगाभ्यास के साथ-साथ सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जायेंगे । संस्थान की उत्पत्ति, लक्ष्य और विचारधारा से साधकों को अवगत करवाया जायेगा । उल्लेखनीय है कि भारतीय योग संस्थान 10 अप्रैल 1967 को अपनी स्थापना से लेकर प्रत्येक वर्ष



2 अक्टूबर को योग दिवस मनाता आ रहा है । इस वर्ष संस्थान का 57 वां योग दिवस मनाया जायेगा । मुख्य समारोह सोमवार, 2 अक्टूबर को छत्रसाल स्टेडियम, मॉडल टाउन, दिल्ली में आयोजित भव्य कार्यक्रम के रूप में प्रातः 6:00 बजे से प्रारंभ होगा । यह कार्यक्रम अत्यंत दर्शनीय होगा । इस दिव्य कार्यक्रम में योग द्वारा मधुमेह रोग पर नियंत्रण व निवारण पर भी सार्थक चर्चा होगी । कोई भी योग प्रेमी इस कार्यक्रम को संस्थान के यूट्यूब चैनल भारतीय योग संस्थान, रोहिणी, दिल्ली पर लाइव देख सकता है।

# चिरयुवा बनाए फेशियल

### डायमंड फेशियल

धूल-मिट्टी के कारण त्वचा के रोमछिद्र बंद हो जाते हैं जिससे उन्हें पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं मिलता। इससे त्वचा रूखी हो जाती है, इसमें डायमंड फेशियल कारगर है। इसके जरिए त्वचा से विषैले पद्धार्थों को निकाला जाता है। इस अत्याधुनिक तकनीक को 'डायमंड माइक्रो- डर्मेब्रेशियन' कहते हैं। एक उम्र के बाद त्वचा की कोशिकाएं(सेल्स) शिथिल पड़ जाती हैं और उसमें झुर्रियां आने लगती हैं। यह त्वचा को पोषण भी देता है जिससे नयी कोशिकाएं बननी शुरू होती हैं। इस प्रक्रिया में सबसे पहले चेहरे को क्लींजिंग मिल्क से साफ किया जाता है। उसके बाद डायमंड स्क्रब के द्वारा त्वचा के मृत सेल्स को हटाया जाता है। स्क्रब के बाद चेहरे पर डायमंड की भस्म से मसाज किया जाता है। भस्म के अलावा क्रीम में कमल के बीज, खजूर, तुलसी, संतरे का तेल, गाजर के बीज या खस के साथ मिलाकर प्रयोग किया जाता है जिससे भस्म त्वचा की मृत कोशिकाओं तक पहुंच सके।



### एस्ट्रो जेम थेरेपी फेशियल-

एस्ट्रो जेम थेरेपी फेशियल में एमेरल्ड, रूबी, सफायर और टोपाज जैसे रत्नों के भस्म द्वारा चेहरे पर कलर वाइब्रेशन दिया जाता है। जेम स्टोन से निकलने वाले वॉयलेट, इंडिगो, ब्लू, ग्रीन, यलो, ऑरेंज और रेड कलर्स मनुष्य के शरीर पर पहले से ही विघमान होते हैं। बल्कि हमारी कोशिकाएं इन सात रंगों से ही बनती हैं पर नकारात्मक तरंगों के कारण ये रंग अथवा कोशिकाएं प्रभावित होके हैं जिससे त्वचा मृत पड जाती है। एस्ट्रो जेम थेरेपी फेशियल के द्वारा इन रंगों अथवा कोशिकाओं को पुष्ठ किया जाता है। यह फेशियल न सिर्फ त्वचा को ही चिरयुवा बनाता है अपितु मानसिक शांति और ऊर्जा भी प्रदान करता है। यदि व्यक्ति एस्ट्रो जेम थेरेपी फेशियल लगातार करवाता रहे तो लंबे समय तक उसके चेहरे पर झुर्रियां नहीं पड़ती हैं और न त्वचा ढीली पड़ती है। इसमें प्रयोग किए जाने वाले रत्नों-नगों का प्रयोग व्यक्ति के जन्म महीने और उसके नक्षत्रों के आधार पर ही किया जाता है। इसमें इन रत्नों के भस्म के साथ ही कमल के बीज, खजूर, तुलसी, संतरे का तेल, गाजर के बीज और खस की नरीशिंग क्रीम का भी प्रयोग किया जाता है। इसमें मसाज के लिए विभिन्न तरह के रोलर का इस्तेमाल किया जाता है। चेहरे के सभी हिस्सों के साथ आंख और नाक पर विशेष तरह के छोटे साइज के रोलर लगाए जाते हैं।

### गोल्ड फेशियल

सोना सबसे लचीली धातु होती है इसलिए इसका भस्म त्वचा में आसानी से घुल जाता है। यह फेशियल त्वचा पर सुनहरी चमक लाता है। शरीर के भीतर उपस्थित विषैले पद्धार्थ को हटाकर यह रक्त संचार बढ़ाता है। गोल्ड फेशियल में 24 कैरेट के गोल्ड जेल, गोल्ड स्क्रब और गोल्ड मास्क का प्रयोग किया जाता है। एलो वेरा, व्हीटजर्म ऑयल या चंदन के तेल में सोने की पत्ती को मिलाकर मसाज किया जाता है। क्लींजिंग करने के बाद गोल्ड स्क्रब लगाया जाता है। गोल्ड जेल लगाने के लिए एक खास तरह के गजेट का इस्तेमाल किया जाता है। अंत में गोल्ड मास्क लगाया जाता है, जो त्वचा पर झुर्रियां बनने को रोकता है।

### पर्ल फेशियल

पर्ल फेशियल आयुर्वेद की 400 साल पुरानी पद्धति पर आधारित है जिसके जरिए त्वचा की झुर्रियों को हटाकर उसमें खिंचाव पैदा किया जाता है। इसमें प्राकृतिक मोती के पाउडर का प्रयोग किया जाता है। यह सच्चाई है कि मोती सूरज की किरणों से होने वाली टअनिंग और पिगमेंटेशन को रोकता है। यह सूर्य की किरणों को छानता भी है। मोती त्वचा की कोशिकाओं को पुन: बनाने में सहायक होता है। यह अमीनो एसिड की ही तरह शरीर के लिए पोषक तत्व का कार्य करता है। साथ ही यह हमारे पीएच बैलेंस को भी कंट्रोल करता है। पर्ल फेशियल में मोती के पाउडर का स्क्रब और मास्क भी लगाया जाता है। फेशियल के दौरान इसमें सी ऑयल भी मिलाया जाता है ताकि त्वचा की नमी बरकरार रहे।

### ऑक्सीजन फेशियल

ऑक्सीजन फेशियल के द्वारा त्वचा के बंद रोमछिद्रों को खोलकर उन्हें ऑक्जीनेट किया जाता है ताकि त्वचा के भीतरी हिस्से तक ऑक्सीजन पहुंच सके। ऑक्सीजन स्क्रब, मसाज और मास्क के द्वारा रक्त संचार बढ़ता है। ऑक्सीजन स्किन यूथ क्रीम के द्वारा मसाज किया जाता है जिसमें अमर बऐल, दरबा, बाबची और व्हीटजर्म क्रीम मिलाई जाती है। मास्क में नीले रंग के छोट-छोटे कैप्सूल इस्तेमाल किए जाते हैं, जिनमें व्हीटजर्म होता है।

### एरोमा थेरेपी फेशियल

एरोमा थेरेपी फेशियल काफक्ष पुरानी पद्धति है। एरोमा थेरेपी में प्राकृतिक तेलों की सुगंध द्वारा फेशियल किया जाता है। यह त्वचा की एलर्जी, पिगमेंटेशन और रूखेपन को ठीक करता है। इस फेशियल में हर्बल तेल और हर्बल एक्सट्रैक्ट के प्रयोग से चेहरे का मसाज किया जाता है। इससे स्कीन की टोनिंग होती है और रक्त संचार भी बढ़ता है।

# मीठा पोंगल



**सामग्री:** 3 कप दूध, 5 कप पानी, 200 ग्राम चावल, 75 ग्राम मूंग दाल छिलके वाली, 200 ग्राम खजूर का गुड़, 5 इलायची, 25 ग्राम नारियल किसा, 50 ग्राम शुद्ध घी, 50 ग्राम काजू टूकड़े किए व भुने, 3 छोटे चम्मच किशमिश।

**विधि:** दूध और पानी को भारी तले वाले बर्तन में उबलने रख दें। चावल और मूंग को धोकर इसमें मिला दें। पानी सूखने तक पकाएं और फिर गुड़ मिलाएं। जरूरत हो, तो थोड़ा-सा दूध या पानी और मिलाकर चलाएं। ध्यान दें कि चावल और दाल तले में चिपकें नहीं। मिश्रण पक जाए, तब इसमें काजू, किशमिश और नारियल मिलाएं। अंत में घी को पिघलाकर इसमें डालें। एक बार मिला लें और आंच से उतार लें। पोंगल को गर्मा-गर्म ही सर्व करें।

# खुश्क मौसम में बालों के लिए 10 टिप्स



'इट्स द टाइम टू बी केयरफुल', यह मंत्र न सिर्फ हेल्थ के लिए है बल्कि हमारी स्किन और हमारे बालों के लिए भी उतना ही जरूरी है। स्किन की केयर तो हम फिर भी कर लेते हैं लेकिन बालों की आर हमारा ध्यान जाता ही नहीं है। जिससे बालों की नमी खो जाती है, ऑयल भी कम हो जाता है। बाल ड्राई होने के साथ ही डिहाइड्रेटेड हो जाते हैं, डैंड्रफ भी अपनी जड़ें जमा लेता है। कॉस्मेटोलॉजिस्ट भारती तनेजा बता रही हैं, इस खुश्क मौसम में बालों को सुरक्षित और खूबसूरत रखने के बेहतरीन उपाय :

- बालों को रूखेपन से बचाने के लिए ऑयलिग बहुत जरूरी है। सप्ताह में दो से तीन बार ऑयलिग करें, रात भर तेल लगा रहने दें, सुबह शैम्पू करें।
- बालों में शैम्पू के बाद कंडीशनर लगाना जरूरी है। यदि बाल कुछ ज्यादा ही रूखे हैं तो बाजार में उपलब्ध क्रीम कंडीशनर का इस्तेमाल करना चाहिए।
- चाहें तो लिव-इन कंडीशनर का भी प्रयोग किया जा सकता है, इसे लगाने के बाद बालों को धोया नहीं जाता।
- बाहर निकलते समय बालों को स्कार्फ से ढक कर रखना चाहिए।
- एरोमाथेरेपी ऑयल से बालों का मसाज कीजिए। उसके बाद बालों को स्टीम दीजिए।
- पार्लर में बालों के लिए विशेष स्पा मौजूद है, इन्हें आजमा सकती हैं। महीने में दो-तीन बार यह कराना चाहिए।
- बालों में नमी के लिए घर में भी पैक तैयार किया जा सकता है। दूध, अंडे की जर्दी या केला, शहद को मिलाकर बालों पर लगाएं। आधे घंटे के बाद धो दें।
- ड्रैंड्रफ से छुटकारा पाने के लिए सेब का जूस रूई की मदद से स्कल्प पर लगाएं। आधे घंटे बाद बालों को धो लें।
- रूसी के निदान के लिए स्कल्प पर प्याज का जूस भी लगा सकते हैं। लगाने के आधे घंटे बाद शैम्पू कर लें।
- बाल धोने के बाद अपनी कंघी, तौलिया और तकिए के गिलाफ को एंटीसेप्टिक लोशन में आधे घंटे डुबोने के बाद धो दें। धूप में सुखाएं।

# फास्ट-माइंडेड बच्चे

हर मां-बाप अपने बच्चे को 'परफेक्ट चाइल्ड' के रूप में देखना चाहते हैं। इसलिए बच्चे पढ़ाई के अलावा डांस, जूडो और म्यूजिक भी सीख रहे हैं। उनकी पर्सनालिटी को संवारने के लिए स्कूलों में कम्युनिकेशन स्किल्स, बॉडी लैंग्वेज को सुधारने के लिए स्पेशल क्लासेज ली जाती हैं।



बच्चों के व्यक्तित्व विकास के लिए अभिभावक को उनके स्ट्रांग प्वाइंट को देखते हुए उन्हें उस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना चाहिए, जिसमें उनकी रूचि होती है। बच्चों को भाषण देने के बजाय अपनी गतिविधियों पर ध्यान देने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। पेरेंट्स को पीटीएम में जाना चाहिए और पूरी जानकारी रखनी चाहिए कि उनका बच्चा स्कूल में क्या करता है। स्कूलों में बढ़ती प्रतियोगिता की वजह से बच्चों की जिंदगी की गाड़ी 'फास्ट-ट्रैक' पर चल रही है। शायद इसी वजह से उनमें गुस्से व चिड़चिड़ेपन की शिकायत आ रही है। इससे उन्हें बचाकर रखने के लिए पेरेंट्स को घर में प्यार भरा माहौल बनाकर रखने की कोशिश करनी चाहिए। अपने निजी तनाव को बच्चों के सामने नहीं लाना चाहिए। बच्चों की बातों को ध्यान से सुनने के अलावा उन्हें ज्यादा डांटना नहीं चाहिए वरना वे अपने मम्मी-पापा से डरेंगे और अपनी बातों को उनसे कहने में कतराने लगेंगे।

बच्चों के व्यक्तित्व विकास में स्कूल भी एक अहम भूमिका निभाता है। स्कूल बच्चों के लिए जानकारी का 'इनकमिंग सोर्स' है। टीचर्स को बच्चों के प्रति अच्छा स्वभाव रखना चाहिए और भेदभाव नहीं करना चाहिए वरना इससे उनका मानसिक विकास कमजोर पड़ने लगता है।

स्कूलों के अलावा कुछ पर्सनालिटी डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट खुल रहे हैं, जहां बच्चों के अंग्रेजी शब्दों का उच्चारण व उनके पोश्चर को सुधारा जाता है। इसके अलावा घर में ग्रैंडपेरेंट्स के रहने से भी बच्चों को बहुत स्पेस मिलती है अपनी बातें कहने के लिए। ग्रैंडपेरेंट्स बच्चों के बेस्ट-फ्रेंड होते हैं।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, क्षुचता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। अभी आश्वासनों से संतोष करना पड़ेगा। शुभांक-2-6-8

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक-4-6-8

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा): यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-5-7-8

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। धीरे-धीरे लाभ का मार्ग प्रशस्त होगा उचित समय का इन्तजार करें। मेहमानों का आगमन होगा। छात्रों को लाभ। शुभांक-4-6-7

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। शत्रुपक्ष से सावधान रहें। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। इच्छित कार्य सफल होंगे। इच्छित स्थान की यात्रा का योग हैं। शुभांक-2-5-6

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): ''आगे-आगे गौरख जागे'' वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल व समन्वय बनाय। मीठे बोलने वालों से संभल कर रहें। शुभांक-4-5-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभांक-3-5-7

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय समान रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मेल-मुलाकात होगी। शुभांक-2-4-6


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-4-6-7

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। आनन्ददायक वातावरण बनेगा। शुभांक-1-3-5

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। शुभांक-3-4-6


**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-2-4-6

## काकुरो पहेली -2603




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:




काकुरो - 2602 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

मॉडर्न पत्नी की शराब की लत से परेशान एक पति उसे समझाने के इरादे से बोला- मान लो एक ड्रम में शराब और दूसरे में पानी भरकर रख दिया जाए और फिर किसी गधे को बुलाकर उससे पीने को कहा जाए तो वह दोनों में से क्या पिएगा?

पत्नी ने कहा- वह पानी ही पिएगा।

पति ने उलझाने की कोशिश करते हुए कहा- मगर वह पानी ही क्यों पीना चाहेगा?

□ □ □

पत्नी- तुम तो कह रहे थे कि इस ब्यूटी क्लिनिक में तुम्हें नौकरी मिल गई है। फिर तुम बाहर खड़े क्या कर रहे हो?

पति- यहाँ बाहर खड़ा रहना, भीतर जाने वाली नारियों की उपेक्षा करना, जब श्रृंगार कराकर बाहर निकले तो सीटी बजाना, यही तो मेरी नौकरी है।

□ □ □

रमन- हर छात्र के लिए आज की तारीख में इंटरनेट कई मायनों में उपयोगी और महत्वपूर्ण है!


नमन- जैसे?

रमन- ...जैसे हमें कई जानकारियाँ इंटरनेट के माध्यम से मिल जाती है।

नमन- और आजकल तो लीक होने के बाद पेपर भी ई-मेल पर आ जाते हैं।

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 2603



**ऊपर से नीचे:-**

१. 'बंदा ये बिंदास है' गीत वाली फिल्म-२
२. विकास भल्ला, काजोल की फिल्म-३
३. 'हाय हाय ये मजबूरी' गीत वाली मनोज कुमार जीनत अमान की फिल्म-२,३,२,३
४. फिल्म 'घर में श्याम गली में राम' में गोविंदा के साथ नायिका कौन थी-३
६. आफताब शिवदासानी, उर्मिला मातोंडकर की फिल्म-२
९. 'बड़ी मुश्किल है खोया मेरा दिल है' गीत वाली शाहरूख, माधुरी की फिल्म-३
११. फिल्म 'इंडियन' में नायक कौन था-२
१२. मनोजकुमार की राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत फिल्मों में उनके किरदार का नाम है?-३
१३. राजेश, जया भादुड़ी की 'बरस गई रे तरस गई' गीत वाली फिल्म-२,१,३
१५. अक्षय, सुनील, जैकी, रवीना, लारा दत्ता की फिल्म-२
१६. जैकी श्रॉफ, फरहा की फिल्म-४
१७. 'शीशी भरी गुलाब की' गीत वाली रणधीरकपूर, बबीता की फिल्म-२
२०. करण दीवान, स्वर्णलता की 'अंखियां मिलाके जिया' गीत वाली फिल्म-३
२१. 'चलो दिलदार चलो' गीत वाली राजकुमार, मीनाकुमारीकी फिल्म-३
२३. हिमालय, भाग्यश्री की 'मुझको पायल नाम दिया' गीत वाली फिल्म-३
२६. 'आज की रात नया चाँद' गीत वाली मनोज, धर्मेन्द्र, सायरा बानों की फिल्म-२
२७. अजय देवगन, ट्विंकल खन्ना की 'नैनों में महबूब के' गीत वाली फिल्म-२

**बायें से दायें:-**

१. मनोजकुमार, साधना की 'तुम बिन जीवन कैसे बीता' गीतवाली फिल्म-३
३. 'चली सात फेरे लेकर' गीत वाली मिलिंद सोमण, विक्रम फिल्म-३
५. अभिषेक, उदय चोपड़ा, जॉन अब्राहम, रिमी सेन, ईशा देओल की फिल्म-२
७. 'हो जाता है प्यार' गीत वाली अमिताभ, हेमा मालिनी और प्राण की फिल्म-३
८. अनिलकपूर, जैकीश्रॉफ, अजय, मनीषा, रेखा, सोनाली, माधुरी की फिल्म-२
९. 'ना वादा करते हैं' गीत वाली सुनील शेट्टी, सोमी अली की फिल्म-२
१०. अनिलकपूर, पूनम ढिल्लों की 'मिली तेरे प्यार की छाँव' गीत वाली फिल्म-३
१३. शाहरूख, चंद्रचूड़, ऐश्वर्या फिल्म-२
१४. अजय देवगन, विवेक, मनीषा की 'खल्लास' गीत वाली फिल्म-३
१५. राजेंद्रकुमार, साधना की फिल्म-३
१७. फिल्म 'दोस्ताना' की नायिका थी-३
१८. 'मेरे भैया मेरे चंदा' गीत वाली राजकुमार, धर्मेन्द्र की फिल्म-३
१९. शशिकपूर, जीनत अमान की एक फिल्म-३
२२. बी. आर. इशारा निर्देशित विजय अरोड़ा, रीनाराय की १९७२ की एक फिल्म-४
२३. राजेंद्रकुमार, वहीदा की 'दिले बेताब को सीने से' गीत वाली फिल्म-३
२४. अनिल, श्रीदेवी, रवीना की फिल्म-३
२५. आमिरखान, मनीषा की फिल्म-२
२६. १९७१ में बनी जीतेंद्र, डिम्पल कपाड़िया की श्याम रल्हन निर्देशित फिल्म-२
२७. 'मिजाजे गिरामी दुआ है आपकी' गीत वाली फिल्म-२
२८. फिल्म 'जांनशीन' में नायक-४,२
२९. शाहिद कपूर, करीना की 'दिल मेरे ना और' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 2602



## सूडोकु -2603


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | | 4 |
| | | | 6 | | | | | 1 |
| | 5 | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | | | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | 3 | | 7 | |
| 2 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 4 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -2602 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 |

## शब्द पहेली - 2603



**बाएँ से दाएँ**

1.असहकार-5
4.शत्रुता,दुश्मनी-4
7.नाच,नृत्य (उर्दू-2)
8.विष्णु का वाहन-3
9.मादा का विलोम-2
10.ईश्वर,शिव-4
11.संज्ञा,संबोधन-2
13.वेग,गति-3
14.महसूल,राहदरी-2
15.अंधकार,अंधेरा-3
17.कुंजी,ताली-2
19.गोलाकार-5
22.इतरता,बेगानापन-5
25.समय,वक्त-2
26.स्याही का पात्र-3
28.अच्छा,सद् पुरुष-2
29.अदृश्य-3
30.मिट्टी,धूल-2
32.नट,बाजीगरी करने वाला-4
34.टैक्स,हाथ-2
36.बोलने का तरीका-3
37.खदान-2
38.जो जायज न हो-4
39.श्री रामचंद्र का नाम-5

**ऊपर से नीचे**

1.तराजू डंडा,पासा-2
2.पराजित करना-3
3.बहुत लंबा -5
4.रुकना,अड़ जाना-3
5.जंगल,कानन-2
6.तीर रखने का पात्र-4
7.सार-संभाल-2,3
10.पूंजी,धन-4
12.वोट,राय-2
16.राजा,महाराजा-3
17.चतुर्थ,चौथा-2
18.हलवा-2
20.पक्षाघात-3
21.तन,देह-2
22.क्षण-2
23.स्मारक-4
24.चोर,लुटेरा-5
25.जैकी श्राफ, अनिल कपूर,किमी काटकर व फराह अभिनीत फिल्म -5
26.टूटना,बिखरना-4
27.पानी से सराबोर-2
31.कमल,नीरज-3
33.बादलों की गड़गड़ाहट-3
35.छुट्टी,अवकाश-2
37.राख,मिट्टी-2

शब्द पहेली -2602 का हल



## सरबजोत-दिव्या ने मिश्रित 10 मीटर एयर राइफल शूटिंग टीम स्पर्धा में जीता रजत

**हांगझू।** सरबजोत सिंह और दिव्या थाडिगोल की भारतीय टीम ने शनिवार को एशियाई खेल 2023 में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में रजत पदक जीता। यह जोड़ी स्वर्ण पदक मुकाबले में चीन के झांग बोवेन और जियांग रैनक्सिन के खिलाफ 14-16 से हार गई। भारत ने 4-0 की बढ़त के साथ शुरुआत की जब सरबजोत ने दो 10 से अधिक शॉट लगाए। दोनों टीमों के बीच तीसरी सीरीज 19.8 के स्कोर के साथ साझा की गई। सातवीं सीरीज के बाद चीन ने 7-7 से बराबरी सुनिश्चित करने के लिए जियांग ने दक्षता के साथ शॉट लगाना जारी रखा। लेकिन सरबजोत के दो शॉट्स - 10.8 और 10.5 - की बदौलत भारत ने अगले दो शॉट जीते और स्पष्ट बढ़त के साथ आगे बढ़ गया। हालाँकि, चीन ने जियांग के कुछ उल्लेखनीय शॉट्स की बदौलत अगले तीन राउंड में जीत हासिल की और स्वर्ण पदक हासिल किया। बता दें कि एशियाई खेलों में भारतीय निशानबाजों ने अब तक कुल 19 पदक जीते हैं, जिनमें 6 स्वर्ण, 8 रजत और 5 कांस्य पदक शामिल हैं। भारत ने अब तक कुल 34 पदक जीते हैं. जिनमें आठ स्वर्ण, 13 रजत और 13 कांस्य पदक शामिल हैं।




## आईसीसी ने की वनडे विश्व कप के लिए कमेंटरी पैनल की घोषणा

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने5 अक्टूबर से शुरू होने वाले आगामी वनडे विश्व कप के लिए कमेंटरी पैनल की घोषणा की। पैनल में शेन वॉटसन, लिसा स्टालेकर, रमीज राजा, रवि शास्त्री, एरोन फिंच, सुनील गावस्कर और मैथ्यू हेडन जैसे बड़े नाम शामिल हैं। इनके अलावा नासिर हुसैन, इयान स्मिथ, इयान बिशप, वकार यूनिस, शॉन पोलक, अंजुम चोपड़ा और माइकल एथर्टन सहित अधिक अंतरराष्ट्रीय आइकन और पूर्व कप्तान भी कमेंट्री बॉक्स से एक्शन को लाइव सुनाएंगे।इनके अलावा साइमन डूल, मपुमेलेलो मबांगवा, संजय मांजरेकर, केटी मार्टिन, दिनेश कार्तिक, डर्क नैनेस, सैमुअल बद्री, अतहर अली खान, रसेल अर्नोल्ड, हर्षा भोगले, केस नायडू, मार्क निकोलस, नताली जर्मनोस, मार्क हॉवर्ड और इयान वार्ड शामिल हैं। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के बीच मैच के साथ टूर्नामेंट की शुरुआत होगी। भारत 8 अक्टूबर को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा। टूर्नामेंट का समापन 19 नवंबर को अहमदाबाद में फाइनल के साथ होगा।



## लेवीटोव इंटरनेशनल शतरंजः नेपोमनिशी नें जीता खिताब , आनंद को चौंथा स्थान

**एम्स्टर्डम ,नीदरलैंड।** रूस के शीर्ष शतरंज खिलाड़ी यान नेपोमनिशी नें एक बार फिर लेवीटोव चैस वीक का खिताब अपने नाम कर लिया है । नेपोमनिशी नें कुल 18 राउंड के बाद कुल 12.5 अंक बनाते हुए पहला स्थान हासिल किया , उनका प्रदर्शन इतना अच्छा रहा है की दूसरे और तीसरे स्थान पर आने वाले रूस के पीटर स्वीडलर और यूएसए के लेवोन अरोनियन 10.5 अंक बनाकर नेपो से 2 अंक पीछे रहे ।भारत के पाँच बार के विश्व शतरंज चैम्पियन विश्वनाथन आनंद 10 अंक बनाकर चौंथे स्थान पर रहे । तीसरे दिन खराब प्रदर्शन के बाद आनंद नें चौंथे और अंतिम दिन शानदार खेल दिखाया और उन्होने रूस के अलेक्ज़ेंडर ग्रीसचुक , डेनियल डुबोव और इज़राइल के बोरिस गेलफंड को हराया जबकि रूस के व्लादिमीर क्रामनिक और यूएसए के लेवान अरोनियन से ड्रॉ खेल चार अंक बनाए । रूस के डेनियल डुबोव 9.5 अंक बनाकर पांचवें स्थान पर रहे । अन्य खिलाड़ियों मे अजरबैजान के ममेद्यारोव और यूएसए के वेसली सो ( 9अंक ) , ग्रीसचुक 7 अंक ,बोरिस 6.5 अंक और क्रामनिक 5.5 अंक बनाकर क्रमशः छठे से दसवें स्थान पर रहे ।

## डब्ल्यूपीएल : आरसीबी ने बिग बैश विजेता ल्यूक विलियम्स को मुख्य कोच नियुक्त किया

**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) ने ऑस्ट्रेलिया के ल्यूक विलियम्स को महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के आगामी सीजन के लिए टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया है।


एडिलेड में जन्मे 43 वर्षीय पूर्व क्रिकेटर ने दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के लिए प्रथम श्रेणी क्रिकेट खेला है। एडिलेड स्ट्राइकर्स के मुख्य कोच के रूप में अपने चार सीज़न के कार्यकाल में, विलियम्स ने दो उपविजेता रहने के बाद 2022-2023 में टीम को पहली महिला बिग बैश लीग का खिताब दिलाया। साउदर्न ब्रेव के साथ सहायक कोच के रूप में जुड़े ल्यूक ने प्रदर्शन-उन्मुख दृष्टि के साथ किस्मत बदल दी और टीम को उनकी पहली महिला हंड्रेड चैम्पियनशिप का खिताब दिलाया। उन्होंने महिला राष्ट्रीय क्रिकेट लीग (50 ओवर) में साउथ ऑस्ट्रेलियन स्कॉर्पियन्स के साथ चार साल बिताए और उनके मार्गदर्शन में टीम दो मौकों पर उपविजेता रही। वह इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड का दौरा करने वाली ऑस्ट्रेलिया ए टीम के मुख्य कोच थे।इस अवसर पर, डियाजियो इंडिया के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी और आरसीबी के अध्यक्ष प्रथमेश मिश्रा ने कहा, मैं ल्यूक विलियम्स का हार्दिक स्वागत करता हूं क्योंकि वह आरसीबी महिला टीम की कमान संभाल रहे हैं। उनकी विशेषज्ञता और नेतृत्व के साथ, हमारा लक्ष्य है रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की भावना को मूर्त रूप देना, साहसपूर्वक खेलना और दृढ़ संकल्प, जुनून और उत्कृष्टता की निरंतर खोज से भरी यात्रा शुरू करना, जिसका लक्ष्य हमारे प्रशंसकों और समर्थकों को गौरवान्वित करना है।



वहीं, विलियम्स ने कहा,'मैं आरसीबी के साथ यह अवसर मिलने पर रोमांचित हूं और डब्ल्यूपीएल के दूसरे सीज़न के लिए टीम के साथ तैयारी शुरू करने का और इंतजार नहीं कर सकता। मैं एक ऐसे खेल समूह के साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं जो भारतीय और विश्व क्रिकेट के कई सबसे रोमांचक खिलाड़ियों की मेजबानी करेगा क्योंकि हम अपने विशाल और भावुक प्रशंसक आधार के लिए खेल की एक साहसिक और रोमांचक शैली और सफलता लाना चाहते हैं।'

आरसीबी आगे आने वाले अवसरों को लेकर उत्साहित है और आगामी सीज़न के लिए एक मजबूत और प्रतिस्पर्धी महिला क्रिकेट टीम बनाने की दिशा में सक्रिय रूप से काम कर रही है। टीम मैदान के अंदर और बाहर उत्कृष्टता हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## प्रीति 54 किलोग्राम वर्ग के सेमीफाइनल में, ओलंपिक कोटा किया हासिल




**हांगझू।** भारतीय मुक्केबाज प्रीति पवार ने हांगझू में चल रहे एशियाई खेलों में 54 किलोग्राम महिला मुक्केबाजी स्पर्धा के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है, जिससे उन्होंने न केवल कम से कम कांस्य पदक सुनिश्चित किया बल्कि पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए कोटा भी हासिल किया। उन्होंने क्वार्टर फाइनल मुकाबले में कजाकिस्तान की ज़ैना शेकेरबेकोवा को अंकों के आधार पर 4-1 से हराया। चार जजों ने भारतीय मुक्केबाज के पक्ष में फैसला सुनाया जबकि केवल एक जज ने ज़ैना के पक्ष में फैसला सुनाया। मुकाबला बराबरी का रहा क्योंकि दोनों मुक्केबाजों के बीच बमुश्किल एक अंक का अंतर था निकहत के बाद प्रीति मुक्केबाजी में पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए कोटा हासिल करने वाली दूसरी भारतीय मुक्केबाज बन गईं। मौजूदा विश्व चैंपियन जरीन ने शुक्रवार को चल रहे एशियाई खेलों के क्वार्टर फाइनल में जॉर्डन की हनान नासर को 2 मिनट में नॉकआउट से हराकर 50 किलोग्राम भार वर्ग में भारत के लिए पदक पक्का कर लिया। सेमीफाइनल में उनका मुकाबला थाईलैंड की चुथामत रक्सत से होगा। वर्तमान में, खेलों में भारत की पदक संख्या 34 है, जिसमें आठ स्वर्ण, 13 रजत और 13 कांस्य पदक शामिल हैं।

## नॉटिंघमशायर ने ट्रेंट ब्रिज के पवेलियन एंड का नाम बदलकर स्टुअर्ट ब्रॉड रखा

**नॉटिंघमशायर।** नॉटिंघमशायर काउंटी क्रिकेट क्लब ने ट्रेंट ब्रिज में पवेलियन एंड का नाम बदलकर स्टुअर्ट ब्रॉड रख दिया है। जिन्होंने इस साल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। यह सम्मान वैश्विक मंच पर इंग्लैंड के गेंदबाज की याद दिलाएगा। तेज गेंदबाज ब्रॉड ने 604 टेस्ट विकेट लिये हैं, जो प्रारूप के इतिहास में केवल मुथैया मुरलीधरन, शेन वार्न, जेम्स एंडरसन और अनिल कुंबले के बाद पांचवां सबसे अधिक टेस्ट विकेट है। उन विकेटों में 2011 में भारत के खिलाफ ट्रेंट ब्रिज में ली गई एकमात्र टेस्ट हैट्रिक और इस स्थल के लगभग 200 साल के इतिहास में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी विश्लेषण शामिल है, जो ब्रॉड ने 2015 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हासिल की थी, उस मैच में उन्होंने 15 रन देकर 8 विकेट लिए थे।



ब्रॉड ने कहा, जब मैं एक बच्चे के रूप में नॉटिंघमशायर और इंग्लैंड की जर्सी पहनने के सपने के साथ पहली बार ट्रेंट ब्रिज गया था, तो मैंने कभी सोचा भी नहीं था कि मैं इतना भाग्यशाली होऊंगा कि मैं खेल में इतने सारे यादगार पलों का आनंद ले सकूंगा। उन्होंने कहा, यह सोचना थोड़ा अवास्तविक है कि जिस मैदान से मुझे क्रिकेट से प्यार हुआ, उस हिस्से का नाम अब मेरे नाम पर रखा जाएगा।उन्होंने कहा, नॉट्स के लिए खेलना मेरे लिए बहुत मायने रखता है और मैं इसका बहुत आभारी हूं कि जहां भी मेरा करियर मुझे ले गया, मैं हमेशा ट्रेंट ब्रिज में अपने घर आने में सक्षम रहा हूं।उन्होंने कहा, एक ऐसे व्यक्ति के रूप में जो नॉटिंघम में पैदा हुआ और पला-बढ़ा है, यह मेरे और मेरे परिवार के लिए अविश्वसनीय रूप से गर्व का क्षण है।ब्रॉड ने अपने घरेलू मैदान पर काउंटी और देश के लिए 43 मैचों में 190 विकेट लिए। अपने पूरे करियर में, उन्होंने 1,268 सीनियर विकेट लिए।

वह इंग्लैंड की 2010 विश्व टी20 विजेता टीम के भी सदस्य थे और उन्होंने 2010 काउंटी चैम्पियनशिप, 2022 डिवीजन दो का खिताब और नॉट्स के साथ दो एक दिवसीय फाइनल जीते।

नॉटिंघमशायर के चेयरमैन एंडी हंट ने कहा, उच्चतम स्तर पर स्टुअर्ट की उपलब्धियां काफी उल्लेखनीय हैं - इसकी बहुत कम संभावना है कि हम किसी अन्य इंग्लिश गेंदबाज को पिछले 15 वर्षों के उनके रिकॉर्ड की बराबरी करते देख पाएंगे।

## अरशद नदीम के साथ प्रतिद्वंद्विता पर नीरज ने कहा- मेरी लड़ाई खुद से, तकनीक-थ्रो बेहतर करने का लक्ष्य

**हांगझू।** भारतीय विश्व चैंपियन और ओलंपिक पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने स्वीकार किया कि पुरुषों के भाला फेंक फाइनल के दौरान कट्टर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के अरशद नदीम पर भी निगाहें होंगी, लेकिन उनका मुख्य फोकस खुद से प्रतिस्पर्धा करना,अपनी तकनीक में बेहतर होना और खिताबी मुकाबले में सर्वश्रेष्ठ थ्रो करने पर होगा।

नीरज, जिन्होंने हाल ही में भारत के लिए पहली बार विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था, 4 अक्टूबर को हांगझू में पुरुषों के भाला फेंक फाइनल के साथ अपने एशियाई खेलों के अभियान की शुरुआत करेंगे। फाइनल के दौरान पाकिस्तानी प्रतिद्वंद्वी अरशद पर भी निगाहें रहेंगी।नीरज ने हांगझू में मीडिया से बातचीत में कहा, जब भी अरशद ने मेरे साथ खेला है, मैंने जीत हासिल की है। लेकिन ध्यान हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ देने पर होता है, न कि इस पर कि मेरे खिलाफ कौन खेल रहा है। एथलेटिक्स में, आप खुद से प्रतिस्पर्धा करते हैं और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए खुद को प्रेरित करते हैं। हां, कुछ फोकस है एशियाई खेलों में भारत और पाकिस्तान पर, क्योंकि कोई यूरोपीय एथलीट नहीं है, लेकिन मेरी लड़ाई मेरे खिलाफ है, मुझे अपनी तकनीक और थ्रो में सुधार करना होगा। बाकी, हम देखेंगे।दोनों एथलीट नौ अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं में एक साथ आमने-सामने हुए हैं, सात बार सीनियर स्तर पर और दो बार जूनियर स्तर पर। इन दोनों एथलीटों की पहली मुलाकात दक्षिण एशियाई खेल 2016 में गुवाहाटी में हुई थी, जहां नीरज को स्वर्ण और नदीम को कांस्य पदक मिला था। फिलहाल, नीरज ने नदीम पर 9-0 की बढ़त बना रखी है।समग्र संख्या में नीरज केदबदबे के बावजूद, अरशद 2018 के बाद से भारतीय दिग्गज के प्रदर्शन के करीब आ रहे हैं और नीरज के वर्चस्व के लिए एक बड़ा खतरा हो सकते हैं। पाकिस्तान के अरशद व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ थ्रो के मामले में नीरज से आगे हैं, उन्होंने राष्ट्रमंडल खेल 2022 के दौरान 90.18 का आंकड़ा छुआ, जहां उन्होंने स्वर्ण पदक जीता। इस प्रयास से उन्होंने तत्कालीन विश्व चैंपियन ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स को पछाड़ दिया। चोट के कारण नीरज इस प्रतियोगिता में भाग नहीं ले पाए थे। 2017 वर्ल्ड अंडरसाइड में चीनी ताइपे के चाओ-त्सुन चेंग के 91.26 मीटर थ्रो के बाद यह केवल दूसरी बार था, जब किसी दक्षिण एशियाई एथलीट ने 90 मीटर का आंकड़ा छुआ।



## एशियाई खेलः पुरुष और महिला रोलर स्केटिंग फाइनल में भारत की हार

**हांगझू।** भारतीय स्केटर्स आनंदकुमार वेलकुमार, सिद्धांत कांबले, आरती कस्तूरी राज और हीरल साधु चल रहे एशियाई खेलों 2023 में पुरुष और महिला रोलर स्केटिंग फाइनल में पदक हासिल करने में असफल रहे। पुरुषों के फाइनल में, आनंदकुमार पुरुषों की स्पीड स्केटिंग 10000 मीटर पॉइंट-एलिमिनेशन रेस में 15ः40.978 का समय निकालने के बाद स्पीड स्केटिंग पदक से चूक गए। 20 वर्षीय खिलाड़ी ने पोडियम पाने के लिए केवल सात अंकों की कमी के साथ चार अंक बनाए और दौड़ में छठे स्थान पर रहे।

दूसरी ओर, सिद्धांत कांबले 15:57.944 का समय लेकर चार अंक हासिल कर सातवें स्थान पर रहे।

पुरुषों की स्पीड स्केटिंग 10000 मीटर में, दक्षिण कोरिया के बियोंघी ने 15:39.867 का समय निर्धारित किया और स्वर्ण पदक जीता। चीन की झेनहाई झांग ने 15:41.721 का समय लेकर रजत पदक हासिल किया, जबकि दक्षिण कोरिया की इन्हो चोई ने 15:41.883 का समय लेकर कांस्य पदक जीता।

महिलाओं के फाइनल राउंड में आरती कस्तूरी राज 17:41.159 का समय लेकर और तीन अंक हासिल कर पांचवें स्थान पर रहीं। इस बीच, 17 वर्षीय हीरल साधु इसी स्पर्धा में सातवें स्थान पर रहीं।

अब आनंदकुमार, कांबले, आरती और हीरल सोमवार को एशियाई खेलों में पुरुष और महिला स्पीड स्केटिंग 3000 मीटर रिले फाइनल में भाग लेंगे। रोलर स्केटिंग प्रतियोगिताएं 30 सितंबर को शुरू हुईं और 7 अक्टूबर को समाप्त होंगी। 19वें एशियाई खेल 2023 की पदक तालिका में भारत इस समय कुल 34 पदकों के साथ चौथे स्थान पर है। जिसमें आठ स्वर्ण, 13 रजत और 13 कांस्य पदक शामिल हैं।

## ज्योति महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़ के फाइनल में, जेसविन-मुरली भी पुरुषों की लंबी कूद के पदक मुकाबले में पहुंचे

**हांगझू।** भारतीय एथलीट ज्योति याराजी और नित्या रामराज ने एशियाई खेलों में महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़ के फाइनल में जगह बनाई है, जबकि लंबी कूद के खिलाड़ी मुरली श्रीशंकर और जेसविन एल्ड्रिन ने भी पुरुषों की लंबी कूद स्पर्धा के फाइनल में प्रवेश कर लिया है।

एशियाई स्तर के चैंपियन याराजी ने फाइनल में पहुंचने और पदक की दौड़ में बने रहने के लिए 13.03 सेकेंड का समय लिया। 24 वर्षीय बाधा दौड़ खिलाड़ी अपनी हीट में दूसरे और कुल मिलाकर तीसरे स्थान पर रहीं। नित्या रामराज ने भी फाइनल में जगह बनाई, 13ः30 सेकेंड का समय लेकर सातवें स्थान पर रहीं। पुरुषों की लंबी कूद स्पर्धा में, योग्यता मानदंड कम से कम 7.90 मीटर की छलांग हासिल करना या शीर्ष 12 एथलीटों में शामिल होना था। मुरली ने 7.97 मीटर की छलांग लगाई जबकि जेसविन ने 7.67 मीटर की छलांग लगाई। मुरली हीट में कुल मिलाकर दूसरे नंबर पर रहे जबकि जेसविन छठे स्थान पर रहे।महिलाओं की हेप्टाथलॉन में 100 मीटर बाधा दौड़ हीट में स्वप्ना बर्मन ने 13.88 का अपना सर्वश्रेष्ठ समय निकाला और चीन की झेंग निनाली के बाद दूसरे स्थान पर रहीं। नंदिनी अगासरा 14.01 सेकेंड के समय के साथ हीट में कुल मिलाकर चौथे स्थान पर रहीं। विश्व चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा, हर्डलर ज्योति याराजी और स्टीपलचेज़ रेसर अविनाश साबले हांग्जो मीट में 37 स्पर्धाओं में प्रतिस्पर्धा करने वाले शीर्ष भारतीय एथलेटिक्स नामों में से हैं। एथलेटिक्स इवेंट 29 सितंबर को शुरू हुआ और 5 अक्टूबर तक चलेगा। ये ट्रैक और फील्ड इवेंट हांग्जो ओलंपिक स्पोर्ट्स सेंटर स्टेडियम में आयोजित किए जा रहे हैं।



## न्यूजीलैंड से प्रैक्टिस मैच हारी पाकिस्तान, 44 ओवर में ही गंवा दिया 345 का स्कोर

**हैदराबाद।** हैदराबाद के मैदान पर पाकिस्तान क्रिकेट टीम की न्यूजीलैंड के खिलाफ प्रैक्टिस मैच के दौरान शर्मनाक हार हुई है। पाकिस्तान ने पहले खेलते हुए बाबर आजम के 80, मोहम्मद रिजवान के 103 तो सऊद शकील के 75 रनों की बदौलत 345 रन बनाए थे। जवाब में खेलने उतरी न्यूजीलैंड ने रचिन रविंद्र, विलियमसन और मार्क चापमैन के अर्धशतकों की बदौलत 44वें ओवर में ही 5 विकेट से जीत हासिल कर ली।

**न्यूजीलैंड का प्लस प्वाइंट**

- न्यूजीलैंड के लिए यह प्रैक्टिस मैच कई मायनों में खास रहा। केन विलियमसन ने लंबे समय के बाद मैदान पर वापसी की और पाकिस्तान की मजबूत गेंदबाजी क्रम के आगे 50 गेंदों पर 54 रन बनाए। विलियमसन रिटायर्ड होकर पवेलियन लौट गए।
- न्यूजीलैंड के ऑलराऊंडर रचिन रविंद्र ने ओपनिंग की और 72 गेंदों पर 16 चौके और एक छक्के की मदद से 97 रन बनाए। वह शतक से चूक गए लेकिन उन्होंने खेल प्रेमियों में विश्वास बनाया।



- 346 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड टीम के केन विलियमसन और डेरिल मिचेल अर्धशतक लगाकर पवेलियन लौट गए। यह दर्शाता है कि बड़े प्लेयर्स अगर मैदान में नहीं है तब भी कीवी टीम जादूई प्रदर्शन करने में सक्षम है।

**पाकिस्तान का निगेटिव प्वाइंट**

- पाकिस्तान ने भले ही पहले खेलते हुए 345 रन बनाए लेकिन उनकी सलामी बल्लेबाजी बिल्कुल भी चल नहीं पाई। शफीक 14 तो इमाम 1 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। विश्व कप से पहले पाकिस्तान के लिए यह चिंता भरी बात होगी।
- पाकिस्तान ने अपने सभी प्रमुख गेंदबाजों का इस्तेमाल किया लेकिन वह 345 का लक्ष्य बचा नहीं पाए। हैरिस राऊफ, हसन अली, मोहम्मद वसीम जूनियर ने 8 से ज्यादा की स्ट्राइक रेट से रन दिए।

## शाकिब के बिना बांग्लादेश ने प्रैक्टिस मैच में श्रीलंका को हराया, यह प्लेयर बना हीरो

**गुवाहटी।** तंजिद हसन (84) और लिटन दास (61) के बीच 131 रन की शतकीय साझीदारी की मदद से बांग्लादेश ने यहां विश्व कप के वार्म अप मैच में श्रीलंका को आसानी से सात विकेट से हरा दिया। बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम पर बांग्लादेश ने पहले शानदार गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण का मुजाहिरा करते हुए श्रीलंका की पहली पारी को 49.1 ओवर में 263 रन पर समेट दिया और बाद में 264 रन का लक्ष्य मात्र 42 ओवर में 3 विकेट खोकर हासिल कर लिया। कप्तान मेहदी हसन मिराज 67 रन और मुशफिकुर रहीम 35 रन बनाकर नाबाद लौटे।



श्रीलंका की पारी को समेटने में महेदी हसन ( 36 रन पर 3 विकेट) की भूमिका अहम रही जबकि तनजीम हसन साकिब, शोरिफुल इस्लाम, नासुम अहमद और मेहदी हसन मिराज ने एक-एक विकेट लिया।

श्रीलंका के 2 खिलाड़ी रन आउट हुए जबकि कुसल परेरा रिटायर्ड हर्ट होकर वापस लौटे। पथुम निसंका (68) और कुसल परेरा (34) ने पहले विकेट के लिए 104 रन जोड़ कर श्रीलंका को शानदार शुरुआत दी मगर धनंजय डिसिल्वा (55) को छोड़ कर मध्य और निचले क्रम के बल्लेबाज बांग्लादेश के गेंदबाजी आक्रमण और चुस्त क्षेत्ररक्षण के चलते सस्ते में अपना विकेट गंवाते चले गए और पूरी टीम 50 ओवर भी नहीं खेल सकी। दूसरी ओर बांग्लादेश की ओर से तंजीद और लिटन ने शतकीय साझीदारी से अपनी टीम को मजबूत आधार दिया जिस पर कप्तान मिराज और अनुभवी मुशफिकुर ने जीत की इमारत तैयार कर दी। मो. तौहीद हृदोय हालांकि युवा दुनिथ वेल्लालगे की पहली गेंद पर बगैर खाता खोले वापस लौट गए।

आदर्श रसोई साल दूसरा - सप्ताह 25वां

# आदर्श रसोई में धूमधाम से मनाया गया महासचिव राकेश जुनेजा का जन्मदिन

## 'राकेश भारद्वाज चौक' पर जुनेजा परिवार ने रिबन काटकर किया आदर्श रसोई का विधिवत शुभारंभ, टोकन देकर आदर्श रसोई की शुरूआत की गई



















**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले "**राकेश भारद्वाज चौक**" पर धूमधाम से आदर्श रसोई के दूसरे वर्ष के 26वें रविवारीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### धूमधाम से मनाया गया आदर्श रसोई के महासचिव राकेश जुनेजा का जन्मदिन





दूसरे वर्ष के 26वें रविवारीय आयोजन पर आदर्श रसोई की पूरी टीम ने अपने महासचिव राकेश जुनेजा का जन्मदिन खूब धूमधाम से मनाया। इस दौरान रसोई के अधिकतर सदस्य मौजूद रहे। साथ ही पूरे जुनेजा परिवार ने भी शिरकत की।

### विधिवत रूप से जुनेजा परिवार ने रिबन काटकर की आदर्श रसोई की शुरूआत

अपनी नई और नायाब पहल के लिए मशहूर आदर्श रसोई में इस बार भी कुछ अलग ही देखने को मिला। इस बार आदर्श रसोई ने रसोई के सबसे कर्मठ सदस्य और महासचिव राकेश जुनेजा का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर जुनेजा परिवार भी मौजूद रहा। जुनेजा परिवार ने रिबन काटकर आदर्श रसोई की विधिवत शुरूआत की। श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें अपने श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस मौके पर आदर्श रसोई के पदाधिकारियों ने अतिथियों का भव्य स्वागत किया और फूलों की माला पहनाकर उनका अभिनंदन किया।

### क्या बोले महासचिव राकेश जुनेजा

इस विशेष मौके पर राकेश जुनेजा ने कहा कि "राकेश भारद्वाज चौक" पर आदर्श रसोई ने सफलतापूर्वक डेढ़ वर्ष पूरा कर लिया है। इसके लिए सभी को बधाई। इन डेढ़ साल में आदर्श रसोई ने कई कीर्तिमान स्थापित किए हैं और सामाजिक कार्य में एक नई मिसाल पेश की है। राकेश जुनेजा ने कहा कि आदर्श रसोई का सालाना कार्यक्रम अपने आप में सफलता का परचम लहरा चुका है। आदर्श रसोई निःस्वार्थ रूप से पिछले डेढ़ वर्षों से लोगों को नाममात्र के शुल्क में थाली परोस रही है। मुझे खुशी है कि मैं भी पुण्य के कार्य में एक सहभागी हूँ। यह हम सबके लिए हर्ष की बात है कि आदर्श रसोई के सभी साथियों ने आदर्श रसोई को आगे बढ़ाने के लिए दिन रात मेहनत की है। आदर्श रसोई की सबसे अनूठी बात यह है कि यह समाजसेवा के साथ-साथ अपने पारंपरिक त्यौहारों, विशेष दिनों को भी बहुत ही उत्साहपूर्वक रूप से मनाती है, जोकि काबिलेतारीफ है।

### संस्थापक समिति के अभिन्न सदस्य हैं राकेश जुनेजा

आदर्श रसोई की शुरूआत कैसे हुई। कब इसका प्लान बना। इन सभी पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए श्री जुनेजा ने अपने संस्मरण साझा किए। उन्होंने बताया कि कैसे वृंदावन यात्रा के दौरान श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी और चोपड़ा जी सहित लगभग आधा दर्जन लोगों ने आदर्श रसोई की परिकल्पना की थी। उसी समय सभी सदस्यों ने 5000 प्रति व्यक्ति के हिसाब से 85000/- रुपए एकत्रित किए थे। श्री जुनेजा ने बताया कि देखते ही देखते कैसे ये छोटा सा पौधा अब एक फलदार वृक्ष का रूप ले चुका है।

### परिवार सहित शामिल हुए राकेश जुनेजा

जन्मदिवस के अवसर पर पूरा जुनेजा परिवार राकेश भारद्वाज चौक पर मौजूद रहा। सभी ने एक स्वर में कहा कि जन्मदिन बनाने का अन्नदान से बढ़िया तरीका कोई और नहीं हो सकता। इस मौके पर राकेश जी की धर्मपत्नी चाँद जुनेजा, उनके दोनों सुपुत्र और पुत्रवधु भी मौजूद रही। सभी ने अपने अपने विचार भी प्रस्तुत लिए।











# ट्रेन आगजनी: सैफी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल

**आरोपित**

केरल के कोझिकोड में ट्रेन में यात्रियों पर ज्वलनशील पदार्थ छिड़ककर आग लगाने के मामले में आरोपित है



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने केरल ट्रेन आगजनी मामले में आरोपित शाहरुख सैफी के खिलाफ शुक्रवार को चार्जशीट दाखिल कर दी। वह केरल के कोझिकोड में ट्रेन में यात्रियों पर ज्वलनशील पदार्थ छिड़ककर आग लगाने के मामले में आरोपित है।
दिल्ली के शाहीन बाग निवासी शााहरुख सैफी पर आरोप है कि उसने दो अप्रैल को अलाप्पुझा-कन्नूर इंटर-सिटी एक्सप्रेस ट्रेन के कोझिकोड स्टेशन से रात लगभग 9.30 बजे रवाना होने के बाद डी-1 डिब्बे के यात्रियों पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी थी। इसमें एक बच्चे सहित तीन लोगों की मौत हो गई थी और नौ अन्य लोग झुलस गए थे। एनआईए का आरोप है कि शाहरुख सैफी ने लोगों को मारने की नीयत से बोगी में आग लगाई थी।
एनआईए के मुताबिक वह अलाप्पुझा-कन्नूर इंटर-सिटी एक्सप्रेस ट्रेन में सवार हुआ था। इससे पहले वह 31 मार्च को दिल्ली से केरल की यात्रा कर रहा था। वह दिल्ली से शोरनूर रेलवे जंक्शन पहुंचा था। एनआईए ने जांच में पाया कि उसने शोरनूर में एक पंप से पेट्रोल और रेलवे स्टेशन से लाइटर खरीदा था। चूंकि वह अपनी जिहादी प्रवृत्ति के तहत अपने को मशहूर करना चाहता था, इसलिए भी उसने इस घटना को अंजाम दिया।

# गोमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने की मांग, रैली आज

**जयपुरः** गो माता को देशभर में राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने की मांग जोर पकड़ रही है। अब राजस्थान में भी गो माता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने के लिए महारैली का आयोजन होने जा रहा है। भारतीय गो क्रांति मंच की ओर से रविवार को महारैली का आयोजन किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश के राज्य मंत्री रघुराज सिंह, भारतीय गो क्रांति मंच के अध्यक्ष ताराचंद कोठारी, समाजसेवी छगन सिंह सहित अन्य पदाधिकारियों ने महारैली के पोस्टर का विमोचन किया। पोस्टर विमोचन पर राज्य मंत्री रघुराज सिंह ने कहा कि गाय माता को राष्ट्र माता का दर्जा मिलना जरूरी है। सदियों पहले हिंदुस्तान में सिर्फ गायों का दूध पिया जाता था। जिसकी वजह यहां के लोग बहुत बुद्धिमान होते थे।




**दो टूक** 'यह आचरण हमारी सांस्कृतिक धरोहर के विपरीत, ऐसा जो भी कर रहे हैं, देश का बहुत बड़ा अहित कर रहे'

# संवैधानिक संस्थाओं को राजनीतिक चश्मे से देखना स्वीकार्य नहीं : उपराष्ट्रपति

**साधा निशाना**



**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**
**उपराष्ट्रपति जगदीप** धनखड़ के बार-बार राजस्थान आने पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के सवाल उठाने के बाद अब उपराष्ट्रपति ने गहलोत के बयान पर इशारों में पलटवार किया है। नालंदा यूनिवर्सिटी के कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि यह चिंतन, मंथन और चिंता का विषय है कि कुछ लोग राजनीतिक चश्मा पहनकर संवैधानिक संस्थाओं पर अमर्यादित टिप्पणियां करते हैं। उनको ऐसा नहीं करना चाहिए। यह आचरण हमारी सांस्कृतिक धरोहर के विपरीत है। ऐसा जो भी कर रहे हैं, जाने अनजाने में देश का बहुत बड़ा अहित कर रहे हैं।

हमारा संकल्प है हम भारतीयता को हमारी सांस्कृतिक धरोहर है इसका सृजन करें और मर्यादित आचरण करें। धनखड़ ने कहा कि जो व्यक्ति जितने बड़े पद पर है उसका आचरण उतना ही मर्यादित होना चाहिए। राजनीतिक फायदा उठाने के लिए कोई भी टिप्पणी करना अच्छी बात नहीं है। राजनीतिक उद्देश्यों की पूर्ति के लिए संवैधानिक संस्थाओं को राजनीतिक चश्मे से नहीं देखा जाना चाहिए, यह स्वीकार्य नहीं है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बुधवार को जयपुर में जगदीप धनखड़ के लगातार राजस्थान दौरों पर सवाल उठाए थे। गहलोत ने कहा था कि पहले प्रधानमंत्री आए और अब उपराष्ट्रपति अप-डाउन कर रहे हैं। आज उपराष्ट्रपति पांच जगह जाएंगे।

चार हेलिकॉप्टर से पांच जगह दौरा है। गवर्नर साहब हों या उपराष्ट्रपति हों, हम सम्मान करते हैं। उपराष्ट्रपति अगर राष्ट्रपति बनेंगे तो भी हम स्वागत करेंगे, लेकिन अभी मेहरबानी रखें। बार-बार सुबह-शाम आ रहे हैं। दौरे कर रहे हैं। इसका कोई तुक नहीं है। क्या तुक है। चुनाव चल रहे हैं राजस्थान में। आप बार-बार आओगे तो लोग क्या समझेंगे। आप चाहते क्या हो? यह संवैधानिक संस्थाएं हैं। उनका मान-सम्मान रहना चाहिए। चाहे कोई सरकार हो। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने गहलोत का नाम लिए बिना पलटवार करते हुए नसीहत दे दी है। वहीं, गहलोत के बयान के बाद राजस्थान बीजेपी के नेताओं ने भी पलटवार किया था। उपराष्ट्रपति के इशारों में गहलोत को जवाब देने के बाद अब यह मामला सियासी तूल पकड़ सकता है। गहलोत सभाओं में इस मुद्दे को लगातार उठा रहे हैं। सीएम के साथ दूसरे कांग्रेस नेता भी लगातार पीएम और उपराष्ट्रपति के दौरों पर हमलावर रुख अपनाए हुए हैं।

चुनाव चल रहे हैं राजस्थान में। आप बार-बार आओगे तो लोग क्या समझेंगे। आप चाहते क्या हो?